

RNI No.: UPHIN/25/A1698
NAVSARJAN SANSKRUTI

# नवसर्जन संस्कृति

नवसर्जन संस्कृति

लखनऊ से प्रकाशित दैनिक

वर्ष : 01
अंक : 265
दि. 26.01.2026, मंगलवार
पाना : 04
किंमत : 00.50 पैसा


# मुख्यमंत्री योगी और भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष ने किए बांकेबिहारी जी के दर्शन

### वैदिक मंत्रोच्चार के बीच मांगा विकसित भारत का आशीर्वाद

मथुरा । भाजपा के नवनिर्वाचित राष्ट्रीय अध्यक्ष पहली बार उत्तर प्रदेश की ब्रजभूमि के दौरे पर आए हैं। ब्रज में पहली बार आए राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन को साथ लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, प्रभु श्रीबांकेबिहारी मंदिर पहुंचे। वहां पहुंचने के उपरांत वैदिक मंत्रोच्चार के बीच प्रभु बांकेबिहारी जी के दर्शन कर विकसित भारत की मनौती मांगी। जानकारी के अनुसार रविवार को वृंदावन के विश्व प्रसिद्ध श्रीबांकेबिहारी जी के दर पर पहुंच कर भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हाजिरी लगायी। उन्होंने आराध्य बांकेबिहारी के चरणों में शीश झुकाकर विधि-विधान से पूजा-अर्चना करते हुए इत्र सेवा की। मंदिर के सेवायतों ने मुख्यमंत्री योगी और राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन को वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पूजा करायी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथे और राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने ठाकुर जी के समक्ष दीप प्रज्वलित किया और पुष्प अर्पित किए। इस दौरान मुख्यमंत्री ने ठाकुर जी से प्रदेश की सुख-समृद्धि और "विकसित भारत" के संकल्प की सिद्धि के लिए प्रार्थना की। इसके बाद राष्ट्रीय अध्यक्ष पद पर नवनिर्वाचित होने के बाद पहली बार उत्तर प्रदेश की धरा "ब्रज भूमि" पर पहुंचे नितिन नवीन ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ आध्यात्मिक एवं राजनीतिक कार्यक्रम में शिरकत की। प्रभु दर्शन के बाद मंदिर सेवायतों द्वारा मुख्यमंत्री और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष को पट्टीका और प्रसाद भेंट किया। ठाकुर श्रीबांकेबिहारी जी मंदिर हाई पावर्ड



मैनेजमेंट कमेटी के अध्यक्ष हाईकोर्ट के सेवानिवृत्त न्यायमूर्ति अशोक कुमार, समिति के सदस्य सेवानिवृत्त जिला एवं सत्र न्यायधीश मुकेश मिश्रा, सदस्य राजभोग समूह श्रीवर्धन गोस्वामी पुत्र श्री जुगलकिशोर गोस्वामी, सदस्य शयनभोग समूह दिनेश कुमार गोस्वामी पुत्र बिहारीलाल गोस्वामी और सदस्य शयनभोग समूह विजय कृष्ण गोस्वामी (बब्बू) पुत्र बालकृष्ण गोस्वामी ने मुख्यमंत्री एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष को श्री बांकेबिहारी जी की आकर्षक तस्वीर भेंट की। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष एवं केंद्रीय वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी, राष्ट्रीय महामंत्री दुष्यंत गौतम, राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) बेसिक शिक्षा विभाग संदीप सिंह, विधायक मांट राजेश चौधरी, महानगर अध्यक्ष हरीशंकर (राजू यादव), एडीजी आगरा जोन श्रीमती अनुपम कुलश्रेष्ठ, मंडलायुक्त शैलेन्द्र कुमार सिंह, डीएम चंद्र प्रकाश सिंह और सीडीओ मनीष मीणा समेत अन्य अधिकारी और जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## राष्ट्रपति ने 16वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस समारोह में शिरकत की

### राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा, "मतदान केवल एक राजनीतिक अभिव्यक्ति नहीं है, यह लोकतांत्रिक चुनाव प्रक्रिया में नागरिकों के विश्वास का प्रतीक है।"

(जीएनएस)।

भारत की राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू ने आज (25 जनवरी, 2026) नई दिल्ली में आयोजित 16वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस समारोह में शिरकत की और कार्यक्रम को संबोधित किया।

समारोह को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि हमारे लोकतंत्र की ताकत महज मतदाताओं की विशाल संख्या में ही नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक भावना की गहराई में भी निहित है। इस प्रक्रिया में यहां तक कि सबसे बुजुर्ग मतदाता, दिव्यांग मतदाता और दूरदराज के इलाकों में रहने वाले लोग भी अपने मताधिकार का प्रयोग करते हैं। उन्होंने जागरूक मतदाताओं और चुनाव आयोग के नेतृत्व में चुनाव प्रक्रिया से जुड़े सभी लोगों की सराहना की, जिन्होंने मताधिकार का प्रयोग करने के इतने प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत किए हैं।

राष्ट्रपति ने कहा कि जनभागीदारी जमीनी स्तर पर लोकतंत्र की भावना को व्यावहारिक रूप देती है। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग ने यह सुनिश्चित करने के मकसद से कई प्रयास किए हैं कि इस अधिकार को प्रयोग करने से "कोई भी मतदाता पीछे न छूटे"। मतदाताओं में जागरूकता बढ़ाने के लिए कई कार्यक्रम




आयोजित किए गए हैं। चुनाव आयोग द्वारा इस वर्ष चुना गया विषय, "मेरा भारत, मेरा वोटः भारतीय लोकतंत्र के केंद्र में भारतीय नागरिक", हमारे लोकतंत्र की भावना को दशार्ता है और हमारी लोकतांत्रिक व्यवस्था में मतदान के अधिकार के महत्व को रेखांकित करता है।

राष्ट्रपति ने कहा कि मतदान केवल एक राजनीतिक अभिव्यक्ति नहीं है। यह चुनावों की लोकतांत्रिक प्रक्रिया में नागरिकों के विश्वास का प्रतिबिंब है। यह नागरिकों के लिए अपनी आकांक्षाओं को व्यक्त करने का एक माध्यम भी है। बिना किसी भेदभाव के सभी वयस्क नागरिकों को मिला मतदान का अधिकार, राजनीतिक और सामाजिक न्याय और समानता के हमारे संवैधानिक आदर्शों को मूर्त रूप देता है। हमारे संविधान में निहित "एक व्यक्ति, एक वोट" प्रणाली हमारे संविधान निमार्ताओं के आम जनता की बुद्धिमत्ता में दृढ़ विश्वास का परिणाम थी। हमारे देश के मतदाताओं ने उनके विश्वास को सही साबित किया है और भारतीय लोकतंत्र ने विश्व मंच पर एक असाधारण उदाहरण के रूप में सम्मान अर्जित किया है।

राष्ट्रपति ने कहा कि मतदान का अधिकार अहम है, लेकिन यह भी उतना ही जरुरी है कि सभी वयस्क नागरिक अपने संवैधानिक कर्तव्यों को ध्यान में रखते हुए अपने मताधिकार का प्रयोग करें। उन्होंने भरोसा जताया कि सभी मतदाता, प्रलोभन, अज्ञानता, गलत सूचना, दुष्प्रचार और पूर्वाग्रह से मुक्त होकर, अपनी अंतरात्मा की शक्ति से हमारी चुनावी प्रणाली को मजबूत करेंगे।

राष्ट्रपति ने देश भर के उन सभी युवा मतदाताओं को बधाई दी, जिन्हें उनके मतदाता पहचान पत्र मिल चुके हैं और कहा कि यह कार्ड उन्हें दुनिया के सबसे बड़े और सबसे जीवंत लोकतंत्र में सक्रिय रूप से भाग लेने का अमूल्य अधिकार प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि आज के मतदाता भारत के भविष्य के निमार्ता हैं। राष्ट्रपति ने विश्वास जताया कि देश के सभी युवा मतदाता जिम्मेदारी से अपने मतदान के अधिकार का प्रयोग करेंगे और राष्ट्र निर्माण में योगदान देंगे।

वर्ष 2011 से, भारत निर्वाचन आयोग के स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में हर साल 25 जनवरी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया जाता है। इस आयोजन का मकसद मतदाता की अहमियत पर फोकस करना, नागरिकों में चुनावों को लेकर जागरूकता बढ़ाना और लोकतांत्रिक प्रक्रिया में उनकी सक्रिय भागीदारी को प्रेरित करना है।

### केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने पद्म पुरस्कार विजेताओं को बधाई दी

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने पद्म पुरस्कार विजेताओं को बधाई दी है।

एक्स प्लेटफॉर्म पर एक पोस्ट में केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने कहा आज घोषित हुए पद्म पुरस्कार के विजेताओं को बधाई। उन्होंने कहा कि पद्म पुरस्कार विजेता सामाजिक बदलाव के पथ प्रदर्शक हैं, जिन्होंने अपनी असाधारण उपलब्धियों, नवाचार और अथक समर्पण से अलग-अलग क्षेत्रों में राष्ट्रीय प्रगति को गति दी है। श्री शाह ने कहा कि ये पुरस्कार प्रधानमंत्री श्री



## मुख्यमंत्री श्री भूपेंद्र पटेल का नगर पालिकाओं को 11 प्रकार की बुनियादी सुविधाओं के लिए निःशुल्क सरकारी भूमि आवंटित करने का महत्वपूर्ण निर्णय

गांधीनगर, 25 जनवरी : मुख्यमंत्री श्री भूपेंद्र पटेल ने राज्य के नगरों शहरों में सार्वजनिक जनहितकारी परियोजनाओं के लिए नगरपालिकाओं को निःशुल्क भूमि आवंटित करने का महत्वपूर्ण निर्णय लिया है।



शहरी क्षेत्रों में प्रशासन अधिक पारदर्शी बने और नागरिकों को बुनियादी सुविधाएं समय पर मिलें, इसके लिए नगर पालिकाओं को विकास कार्यों हेतु अब 11 प्रकार की विभिन्न बुनियादी सुविधाओं के विकास के लिए सरलता से निःशुल्क भूमि आवंटित की जाएगी।

मुख्यमंत्री श्री भूपेंद्र पटेल के इस जनहितोन्मुखी निर्णय के परिणामस्वरूप राज्य की लगभग 152 नगर पालिकाओं को विकास कार्यों के लिए पहले सरकारी भूमि प्राप्त करने पर बाजार मूल्य या जंत्री दर के 25 से 50 प्रतिशत तक जो राशि चुकानी पड़ती थी, उससे मुक्ति मिलेगी। इतना ही नहीं, भूमि आवंटन की प्रक्रिया भी अधिक सरल बनेगी।

मुख्यमंत्री द्वारा नगर पालिकाओं को सार्वजनिक सुविधा एवं जनकल्याण के परियोजनाओं के लिए निःशुल्क सरकारी भूमि देने के निर्णय के अनुसार; नगर सेवा सदन, फायर स्टेशन, सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट, वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट, भूमिगत सीवर, ड्रेनेज पंपिंग स्टेशन, जल आपूर्ति परियोजना, सॉलिड व लिक्विड वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट, स्टॉर्म वॉटर ड्रेनेज कार्य, आंगनवाड़ी, टाउन हॉल, कम्युनिटी हॉल, कन्वेंशन सेंटर जैसी आवश्यक नागरिक सुविधाएं लोगों को आसानी से उपलब्ध हों; ऐसा सिटीजन-सेंट्रिक दृष्टिकोण अपनाया गया है।

मुख्यमंत्री श्री भूपेंद्र पटेल के इस जनहितोन्मुखी निर्णय के परिणामस्वरूप राज्य की 152 नगर पालिकाओं पर आर्थिक भार कम होने

## उ.प्र. पुलिस के 18 जांबाज को राष्ट्रपति का गैलेंट्री मेडल, 50 एनकाउंटर कर चुके शाही को 5वीं बार सम्मान

(जीएनएस)। गणतंत्र दिवस 2026 पर उत्तर प्रदेश पुलिस के 18 जांबाज पुलिसकर्मियों को राष्ट्रपति का वीरता पदक (गैलेंट्री अवॉर्ड) से सम्मानित किया जाएगा। गृह मंत्रालय ने इसकी आधिकारिक सूची जारी कर दी है। इनमें से 12 पुलिसकर्मी STF (स्पेशल टास्क फोर्स) से हैं।

खास बात यह है कि रळ्क्ष के डिप्टी एसपी धर्मेश कुमार शाही को यह सम्मान 5वीं बार मिल रहा है। इसके अलावा 4 पुलिसकर्मियों को राष्ट्रपति का पुलिस पदक और 68 को सराहनीय सेवा पुलिस पदक से नवाजा जाएगा। कुल मिलाकर यूपी पुलिस के 90 से ज्यादा जवान इस बार राष्ट्रपति के सम्मान सूची में शामिल हैं।

उत्तर प्रदेश पुलिस के 18 पुलिसकर्मियों ने अलग-अलग मुठभेड़ों में कुख्यात अपराधियों को ढेर किया। इनमें से ज्यादातर STF के जवान हैं, जिन्होंने लाखों के इनामी अपराधियों को खत्म किया।



वीरता पदक पाने वाले प्रमुख नाम और उनकी कारनामेः-

एसटीएफ की मुठभेड़ में 1 लाख के इनामी पंकज यादव को ढेर (7 अगस्त 2024, मथुरा थाना फरहा)

अपर पुलिस अधीक्षक राकेश (STF फील्ड यूनिट आगरा), डिप्टी एसपी धर्मेश कुमार शाही (STF लखनऊ), निरीक्षक सत्य प्रकाश सिंह और यशवंत सिंह (STF फील्ड यूनिट गोरखपुर) को सम्मान। पंकज पर 39 मुकदमे दर्ज थे।

वाराणसी में 2 लाख के इनामी मनोज सिंह उर्फ सोनू सिंह को मुठभेड़ में ढेर (12 मार्च 2022)

अपर पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार सिंह, निरीक्षक अमित श्रीवास्तव, मुख्य आरक्षी बैजनाथ राम और मनोज कुमार सिंह (STF फील्ड यूनिट वाराणसी) को सम्मान। मनोज पर 36 मुकदमे थे।

उन्नाव के अचलगंज में 1 लाख के इनामी अनुज प्रताप सिंह को मुठभेड़ में ढेर

निरीक्षक संतोष कुमार सिंह (STF लखनऊ), उप निरीक्षक सौरभ मिश्रा (STF फील्ड यूनिट अयोध्या), मुख्य आरक्षी कवींद्र साहनी (STF लखनऊ) को सम्मान। अनुज पर 4 मुकदमे थे।

कौशांबी के मंझनपुर में 1.25 लाख के इनामी गुफरान को मुठभेड़ में ढेर (27 मार्च 2023)

उप निरीक्षक अतुल चतुर्वेदी, प्रदीप कुमार सिंह और मुख्य आरक्षी सुशील कुमार सिंह (STF लखनऊ) को सम्मान।

## ज्योतिरादित्य सिंधिया ने डुम्बूर में 450 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित 'माताबारी पर्यटन सर्किट' की आधारशिला रखी

(जीएनएस)।

पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास एवं संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने त्रिपुरा दौरे के अंतिम दिन आज डुम्बुर झील के नारकेल कुंजा में 450 करोड़ रुपये की लागत से बन रहे 'माताबारी पर्यटन सर्किट' की आधारशिला रखी। त्रिपुरा के मुख्यमंत्री माणिक साहा कार्यक्रम में वर्चुअल माध्यम से शामिल हुए, जबकि पर्यटन मंत्री सुशांत चौधरी कार्यक्रम स्थल पर उपस्थित थे। इस आधारशिला समारोह के साथ, केंद्रीय मंत्री ने अपनी तीन दिवसीय यात्रा के दौरान त्रिपुरा के लिए कुल 750 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं की घोषणा की।

श्री सिंधिया ने कहा कि माताबारी पर्यटन सर्किट आध्यात्मिकता, प्रकृति और आजीविका का संगम बनेगा

केंद्रीय मंत्री ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि 450 करोड़ रुपये की लागत से विकसित किया जा रहा माताबारी पर्यटन सर्किट, त्रिपुरा सुंदरी मंदिर, छबीमुरा और डुम्बुर झील को एकीकृत करेगा, जिससे त्रिपुरा आध्यात्मिक और पर्यावरण-पर्यटन के वैश्विक मानचित्र पर प्रमुख स्थान प्राप्त करेगा।




परियोजना की कुल लागत में से 276 करोड़ रुपये पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्रालय द्वारा दिए जा रहे हैं।

इस परियोजना में तैरते हुए घाट, पर्यावरण के अनुकूल रिसॉर्ट, आधुनिक पर्यटन सुविधाएं और स्थानीय संस्कृति में रचे-बसे अनुभव शामिल होंगे, जिससे दुंबूर क्षेत्र को एक विशिष्ट अंतरराष्ट्रीय पर्यटन पहचान मिलेगी।

श्री सिंधिया ने कहा कि यह त्रिपुरा के इतिहास में एक नए अध्याय की शुरूआत है। उन्होंने कहा, 'आज हमने केवल पत्थर नहीं रखे हैं; हमने भविष्य की आजीविका की नींव रखी है।' माताबारी पर्यटन सर्किट से 4,000-5,000 प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर पैदा होने की संभावना है, जिसमें लगभग 30 प्रतिशत महिलाओं की भागीदारी होगी। स्वयं सहायता समूहों और स्थानीय युवाओं को पर्यटन संबंधी गतिविधियों में सक्रिय रूप से शामिल किया जाएगा। उन्होंने कहा कि परियोजना न केवल बुनियादी ढांचे के विकास पर बल्कि मानव संसाधन विकास पर भी ध्यान केंद्रित करेगी, जिसके अंतर्गत प्रमुख संस्थानों में टूर गाइडों को प्रशिक्षित किया जाएगा।

केंद्रीय मंत्री ने दुंबुर झील की निर्मल सुंदरता, इसके शांत जल, हरे-भरे द्वीपों और निर्मल वातावरण की प्रशंसा करते हुए इसे प्रकृति, संस्कृति और आध्यात्मिकता का एक दुर्लभ संगम बताया।

## गणतंत्र दिवस परेडः कर्तव्य पथ पर दिखेगा समृद्ध सांस्कृतिक विविधता और जनभागीदारी के साथ 'वंदे मातरम' के 150 वर्ष और देश की प्रगति व सैन्य शक्ति का अनोखा संगम

(जीएनएस)।

कृतज्ञ राष्ट्र 26 जनवरी, 2026 को 77वां गणतंत्र दिवस मनाएगा। राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु नई दिल्ली में कर्तव्य पथ से समारोह का नेतृत्व करेंगी। यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष श्री एंटोनियो कोस्टा और यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष सुश्री उसुर्ला वॉन डेर लेयेन इस महत्वपूर्ण अवसर पर मुख्य अतिथि होंगे। इस वर्ष का समारोह देखने लायक होगा क्योंकि राष्ट्रपति भवन से लेकर राष्ट्रीय युद्ध स्मारक तक फैला कर्तव्य पथ, राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के 150 वर्ष, भारत की अभूतपूर्व प्रगति, मजबूत सैन्य शक्ति, इसकी समृद्ध सांस्कृतिक विविधता और जीवन के सभी क्षेत्रों के लोगों की भागीदारी के अविस्मरणीय संगम को प्रस्तुत करने के लिए पूरी तरह से सजाया गया है।

परेड

समारोह सुबह साढ़े दस बजे शुरू होगा और लगभग 90 मिनट तक चलेगा। इसकी शुरूआत प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के राष्ट्रीय युद्ध स्मारक के दौरे से होगी, जहां वे माल्यार्पण



करके प्राणोत्सर्ग करने वाले राष्ट्र नायकों को श्रद्धांजलि देंगे। इसके बाद, प्रधानमंत्री और अन्य गणमान्य व्यक्ति परेड देखने के लिए कर्तव्य पथ पर सलामी मंच की ओर जाएंगे।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष और यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष का आगमन 'पारंपरिक बग्गी' में होगा। उसके साथ राष्ट्रपति के अंगरक्षक होंगे जो भारतीय सेना की सबसे वरिष्ठ रेजिमेंट है। परंपरा के अनुसार, राष्ट्रीय ध्वज फहराया जाएगा, जिसके बाद राष्ट्रगान होगा और 105` लाइट फील्ड गन से 21 तोपों की सलामी दी जाएगी। यह देश में बना तोपखाना हथियार सिस्टम है। 172 फील्ड रेजिमेंट की 1721 सेरेमोनियल बैटरी 21 तोपों की सलामी देगी।

'विविधता में एकता' थीम पर 100 सांस्कृतिक कलाकार परेड की शुरूआत करेंगे, जो म्यूजिकल इंस्ट्रूमेंट्स का शानदार प्रदर्शन होगा। यह देश की एकता और समृद्ध सांस्कृतिक विविधता को दिखाएगा। 129 हेलीकॉप्टर यूनिट के चार द्र-17 1श हेलीकॉप्टर ध्वज फॉर्मेशन में फूलों की पंखुड़ियों की बारिश करेंगे। राष्ट्रीय ध्वज को लेकर, हेलीकॉप्टरों के इस फॉर्मेशन का नेतृत्व ग्रुप कैप्टन आलोक अहलावत करेंगे।

इसके बाद राष्ट्रपति के सलामी लेने के साथ परेड शुरू होगी। दिल्ली क्षेत्र के जनरल ऑफिसर कमांडिंग परेड कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल भवनीश कुमार परेड की कमान संभालेंगे। जो दूसरी पीढ़ी के अधिकारी हैं, मुख्यालय दिल्ली क्षेत्र के चीफ ऑफ स्टाफ मेजर जनरल नवराज ढिल्लों परेड के सेकंड-इन-कमांड होंगे जो तीसरी पीढ़ी के सेना अधिकारी हैं।

इसके बाद सर्वोच्च वीरता पुरस्कारों के गर्वित विजेता आएंगे। इनमें परमवीर चक्र विजेता - सूबेदार मेजर (मानद कैप्टन) योगेंद्र सिंह यादव (रिटायर्ड) और सूबेदार मेजर संजय कुमार - और अशोक चक्र विजेता - मेजर जनरल सीए पिथावालिया (रिटायर्ड) और कर्नल डी श्रीराम कुमार शामिल हैं। परमवीर चक्र दुश्मन के सामने रक्षा बलों के सदस्यों की सबसे अधिक असाधारण बहादुरी, वीरता और आत्म-बलिदान के कार्य के लिए दिया जाता है, जबकि अशोक चक्र अन्य स्थितियों में किए गए इसी तरह के वीरता, साहस और आत्म-बलिदान के कार्यों के लिए दिया जाता है।

यूरोपियन यूनियन दल

यूरोपियन यूनियन (ईयू) दल में तीन जिप्सी पर चार ध्वजवाहक होंगे। वे चार ध्वज ले जाते हुए दिखेंगे। इनमें ईयू का ध्वज होगा।

### अवकाश की सूचना

26 जनवरी गणतंत्र दिवस के अवसर पर कार्यालय में अवकाश होने के कारण 27 जनवरी का समाचार पत्र नहीं मिलेगा। अगला समाचार पत्र 28 जनवरी, बुधवार के दिन प्राप्त हो सकेगा

– सम्पादक




# आफिसर्स स्पोर्ट्स मीट में वडोदरा मंडल ने जीती कलचरल एवं स्पोर्ट्स शील्ड

**39 पदक जीतकर खिलाड़ियों का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन**

पश्चिम रेलवे के वडोदरा मंडल ने पश्चिम रेलवे आफिसर्स एसोसिएशन द्वारा मुंबई में आयोजित 45 वीं ऑफिसर्स स्पोर्ट मीट में प्रधान कार्यालय एवं सभी मंडलों से सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए पूनूस ट्रॉफी को एक बार फिर से जीत लिया है। स्पोर्ट्स प्रतिस्पर्धा में वडोदरा मंडल के मंडल रेल प्रबंधक श्री राजू भडके ने एथेलेटिक्स के सिंगल एवं रिले रन और पश्चिम रेलवे महिला कल्याण मंडल के वडोदरा मंडल की अध्यक्षा श्रीमती कविता भडके ने एथेलेटिक्स के महिला वर्ग में सिंगल एवं रिले रन में पदक जीतकर मंडल के अन्य खिलाड़िओं को स्पोर्ट्स मीट में पदक जीतने को प्रोत्साहित एवं प्रेरित किया। वडोदरा मंडल के खिलाड़िओं ने इस मीट में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 25 गोल्ड और 14 सिल्वर सहित कुल 39 मैडल जीते। पश्चिम रेलवे एवं मध्य रेल के महाप्रबंधक श्री विवेक कुमार गुप्ता ने मंडल रेल प्रबंधक श्री राजू भडके को शील्डें एवं खिलाड़ी



विजेताओं को मेडल प्रदान किये।

स्पोर्ट्स प्रतियोगिता में वडोदरा मंडल के खिलाड़िओं ने पुरुष वर्ग में टेबल टेनिस सिंगल, डबल एवं मिक्स,बैडमिंटन सिंगल एवं मिक्स, टेबल टेनिस, एथलेटिक्स, स्लो साइकिल, स्क्वैश सिंगल एवं डबल में गोल्ड मैडल जीता तो वही महिला वर्ग में टेबल टेनिस, स्लो साइकिल, रन फॉर रन, बैंडमिंटन, एथेलिटिक्स में गोल्ड जीता। पुरुषों की टीम ने वॉलीवॉल एवं महिलाओं की टीम ने बॉक्स क्रिकेट में गोल्ड जीता।

मंडल की पुरुष एवं महिला टीम ने टेनिस सिंगल, शतरंज, कैरम सिंगल एवं डबल , एथेलेटिक्स सिंगल एवं टीम स्पर्धा में रजत पदक जीता। मंडल की महिला खिलाड़िओं ने स्विमिंग, हेयरस्टाइल और ग्रुप फ्लावर मेकिंग में कांस्य पदक जीता।

डांस एवं वोकल कला में भी अपनी श्रेष्ठता का प्रदर्शन करते हुए वडोदरा मंडल ने कलचरल शील्ड भी जीत ली है। मीट में आयोजित सांस्कृतिक प्रतियोगिताएं में सोलो डांस, ग्रुप डांस , वोकल और इंस्ट्रुमेंटल प्रतियोगिताएं में वड़ोदरा मंडल के अधिकारियों और उनकी पत्नियों तथा रेलकारियों के बच्चों ने कला के क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का बेजोड़ प्रदर्शन किया और प्रधान कार्यालय एवं सभी मंडलों के बीच श्रेष्ठ प्रदर्शन कर कल्चरल शील्ड को हासिल किया। ग्रुप डांस के अधिकारी और उनकी पत्नी तथा 10 वर्ष या उससे कम वर्ष के बच्चों के वर्ग में वड़ोदरा मंडल प्रथम रहा। सोलो डांस में अधिकारी और उनकी पत्नी वर्ग में हेतल शर्मा और 10 -14 वर्ग के बच्चों के वर्ग में तनीषा रंजन ने प्रथम, 10 वर्ष या उससे कम वर्ष की श्रेणीं में इवांशी कौशिक ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। वोकल में 10 -14 वर्ग के

# विसावदर में ऑर्गेनिक फार्मिंग को मार्केट मिले उस दिशा में आप विधायक गोपाल इटालिया का किसान हितैषी प्रयास

**मोटा कोटड़ा गांव में ऑर्गेनिक फार्मिंग मुद्दे पर किसानहितैषी बैठक में विधायक गोपाल इटालिया उपस्थित रहे**

**विसावदरझभेंसाण के ऑर्गेनिक फार्मिंग करने वाले किसानों के लिए प्लेटफॉर्म खड़ा करने की तैयारी: गोपाल इटालिया**

**विसावदर भेंसाण के किसान ऑर्गेनिक फार्मिंग करते हैं, लेकिन लोगों तक इसकी पर्याप्त जानकारी नहीं: गोपाल इटालिया**

**ऑर्गेनिक फार्मिंग का प्लेटफॉर्म खड़ा करने तथा ई-कॉमर्स, मार्केटिंग, पैकेजिंग जैसे काम कर सकने वाले लोग मुझसे संपर्क करें: गोपाल इटालिया**

अहमदाबाद/जूनागढ़/गुजरात

आम आदमी पार्टी के विसावदर के विधायक गोपाल इटालिया ने आज प्राकृतिक खेती के मुद्दे पर विसावदर तालुका के मोटा कोटड़ा गांव में एक किसानहितैषी बैठक में भाग लिया। विसावदर और भेंसाण जूनागढ़ तालुका में प्राकृतिक खेती (ऑर्गेनिक फार्मिंग) करने वाले किसानों को मार्केट मिले, किसानों को लाभ हो और प्राकृतिक खेती में क्या-क्या किया जा सकता है, इसकी जानकारी देने के उद्देश्य से इस किसानहितैषी बैठक का आयोजन किया गया था। इस बैठक के संदर्भ में विधायक गोपाल इटालिया ने फेसबुक लाइव के माध्यम से कहा कि प्राकृतिक खेती क्या होती है, इसके क्या फायदे हैं और विधायक के रूप में मैं किसानों की किस प्रकार मदद कर सकता हूं, इस बारे में जानकारी प्राप्त करने में मेरी रुचि थी, इसी कारण हमने इस बैठक का आयोजन किया। गिरनार पर्वत के चारों ओर का 90 प्रतिशत क्षेत्र विसावदर-भेंसाण क्षेत्र से जुड़ा हुआ है और इस इलाके में बहुत बड़ी संख्या में किसान ऑर्गेनिक फार्मिंग करते हैं, लेकिन लोगों को इसके बारे में जानकारी नहीं है। मतलब इस क्षेत्र के किसानों के पास उपजाऊ जमीन है, पानी है, जंगल हैं, पहाड़ हैं और मेहनती किसान हैं, लेकिन एक अच्छा मार्केट नहीं है। इसलिए आने वाले समय में और बैठकें करके ऑर्गेनिक खेती का मार्केट किस प्रकार खड़ा किया जाए, इसका प्लान बनाएंगे।

गोपाल इटालिया ने कहा कि इस वीडियो के माध्यम से मैं सभी लोगों से कहना चाहता हूं कि जो लोग ऑर्गेनिक फार्मिंग के लिए कोई प्लेटफॉर्म खड़ा करने में मदद कर सकते हैं, साथ ही सोशल मीडिया, ई-कॉमर्स, मार्केटिंग, ब्रांडिंग, पैकेजिंग जैसे कार्यों के संदर्भ में जो भी लोग हमारी मदद करना चाहते हों, वे हमसे संपर्क करें। गुजरात भर से लोग इस कार्य को सपोर्ट देंगे और भेंसाण-विसावदर के किसानों से ऑर्गेनिक वस्तुएं खरीदेंगे तो मेरे किसानों का उत्साह बढ़ेगा। फिलहाल ऐसे एक सामान्य विचार के साथ यह बैठक की गई थी और आशा है कि आने वाले समय में हम एक बड़ा प्लेटफॉर्म खड़ा करेंगे।

# जिला निर्वाचन अधिकारी ने उत्कृष्ट कार्य करने वाले बी.एल.ओ., सुपरवाइजर व ऑपरेटर को प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर किया सम्मानित

कौशाम्बी (जीएनएस)।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने दिव्यांग व 80 वर्ष की आयु से अधिक के मतदाताओं को अंगवस्त्र भेंटकर किया सम्मानित





जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ.अमित पाल ने 16वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर उदयन सभागार में आयोजित कार्यक्रम का दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने उपस्थित अधिकारियों/कर्मचारियों को मतदाता शपथ-'हम, भारत के नागरिक लोकतन्त्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए यह शपथ लेते हैं कि हम अपने देश की लोकतांत्रिक परम्पराओं की मयार्दा को बनाये रखेंगे तथा स्वतन्त्र, निष्पक्ष एवं शातिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए, निर्भीक होकर, धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे' दिलाई।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रों की विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम में उत्कृष्ट कार्य करने वाले बी.एल.ओ.,

सुपरवाइजर एवं ऑपरेटर को प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। उन्होंने बी.एल.ओ.- राम प्रकाश त्रिपाठी, ज्ञानेश कुमार द्विवेदी, दीपक त्रिवेदी, भारती सिंह, कृष्ण कुमार जायसवाल, गरिमा टंडन, सुशीला सिंह, अजितेश सिंह, दिनेश सिंह, नागेंद्र सिंह, सुनील अग्रहरि, अरविंद सिंह, शिव कुमार, पुष्पेंद्र कुमार, अनुराग श्रीवास्तव, शबाना परवीन, धर्मराज यादव, आशीष कुमार शुक्ला, रामदत्त केसरवानी, अवनीश यादव, नागेश्वर सिंह, मनीष कुमार पाण्डेय, रजनी चौरसिया, सुचित कुमार, आकांक्षा वर्मा, राजीव कुमार यादव, दिलीप कुमार, फहीमुद्दीन, उत्तम सिंह, धीरेंद्र सिंह, दीपशिखा, रामजी तिवारी, अनिल कुमार एवं विकास सिंह को प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। इसी प्रकार उन्होंने सुपरवाइजर-दीपक माले, मनोज सिंह, सूर्य प्रकाश राय, ज्ञानचंद, शुभराज सिंह, शिव बहादुर , राजेंद्र प्रसाद मिश्र, ज्ञानेश मिश्र, अनिल कुमार निर्मल, अखिलेश कुमार, अमित कुमार सिंह, अनुज जायसवाल, संतोष कुमार सिंह, सुखलाल चौधरी, पुष्पराज सिंह, अरुणेश कुमार मिश्र तथा ऑपरेटर-धर्मेंद्र सिंह पटेल, सौरभ सिंह, अनिल कुमार, रमेश कुमार व सतीश कुमार को प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया।

# युवा ऊर्जा से भरपूर हैं नितिन नवीन : योगी मुख्यमंत्री

**-मुख्यमंत्री ने भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष साथ वृंदावन में सुनी "मन की बात"**

**-योगी ने किया ब्रज की धरा पर नवनिर्वाचित राष्ट्रीय अध्यक्ष का स्वागत**

**-विकास की गति को बढ़ाने के लिए प्राणप्रण से जुटकर योगदान देंगे सभी कार्यकता : मुख्यमंत्री**



मथुरा (जीएनएस)।

भाजपा के राष्ट्रीय नवनिर्वाचित अध्यक्ष का स्वागत करने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रविवार सुबह का वृंदावन पहुंच गए। वृंदावन में पवन हंस हेलीपैड से मुख्यमंत्री योगी सीधे वृंदावन स्थित अक्षयपात्र (चन्द्रोदय मंदिर) पहुंचे। अक्षयपात्र परिसर में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भारतीय जनता पार्टी के नवनिर्वाचित राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन का स्वागत करने के बाद उनके साथ प्रधानमंत्री के "मन की बात" कार्यक्रम को सुना। प्रधानमंत्री मोदी की "मन की बात" कार्यक्रम का यही 130-वां संस्करण था, जो प्रातः 11 बजे से प्रारंभ हुआ। मन की बात आकाशवाणी पर प्रसारित किया जाने वाला एक कार्यक्रम है, जिसके जरिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, भारत के नागरिकों को संबोधित करते हैं। वृंदावन के अक्षयपात्र में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी ने पहली बार उत्तर प्रदेश के दौरे पर पहुंचे भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन का ब्रज की धरा पर स्वागत किया। उन्होंने सभी प्रदेशवासियों की ओर से राष्ट्रीय अध्यक्ष को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सभी को संबोधित करते हुए राधे-राधे, वृंदावन बिहारीलाल, श्रीराधा रानी, यमुना मैया, हर-हर महादेव, जय श्रीराम, भारत माता की जय तथा वंदे मातरम् की गूंज के साथ आध्यात्मिक व राष्ट्रवादी चेतना का संचार करते हुए अपने संबोधन की शुरूआत की। मुख्यमंत्री ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन, युवा ऊर्जा के प्रतीक हैं तथा बिहार विधानसभा में 5-वीं बार विधायक के रूप में सेवाए दे रहे हैं। संगठन के विभिन्न पदों का निर्वाहन करने के उपरांत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में भाजपा ने नितिन नवीन को राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में नया दायित्व सौंपा है। इस दायित्व के पश्चात योगेश्वर श्रीकृष्ण की पावन धरा पर उनका प्रथम आगमन हुआ है। उन्होंने कहा कि ब्रज तीर्थ भूमि है और श्रद्धालु आज भी यहां विरासत का अंश ढूंढते हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कार्यक्रम में कहा कि ब्रज प्राचीन काल से तीर्थ भूमि रही है। मथुरा-वृंदावन, बरसाना, गोकुल, गोवर्धन, नन्दगांव और बल्देव आदि तीर्थ हजारों वर्षो से सनातन धर्मावलंबियों के लिए प्रेरणा हैं। यहां के रज-रज और कण-कण में श्रीकृष्ण, श्रीराधारानी और हजारों वर्षो की विरासत का अंश श्रद्धालु आज भी ढूंढते हैं। उसके साथ तारतम्य स्थापित करने का प्रयास करते हैं। उन्होंने कहा कि अंत्योदय के प्रणेता पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पावन जन्मभूमि भी मथुरा में पड़ती है। कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की प्रेरणा से ब्रजभूमि, भारत की आध्यात्मिक व सांस्कृतिक विरासत के साथ ही विकास के नित नए प्रतिमान स्थापित करते हुए बढ़ रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यूपी अब "बीमारू" नहीं, बल्कि भारत की अर्थव्यवस्था का ब्रेकथ्रू बनकर संबल बन रहा है। पांच साल से अधिक समय से यूपी रेवेन्यू सरप्लस स्टेट के रूप में है। डबल इंजन सरकार डबल स्पीड के साथ बड़े-बड़े इन्फ्रास्ट्रक्चर के कार्यों को धरातल पर उतारती है तथा हर नागरिक को सुरक्षा का अहसास कराती है। गरीब कल्याणकारी योजनाओं के साथ बिना भेदभाव के वंचित, नौजवान, किसान, महिलाओं समेत हर तबके को वरीयता के आधार पर शासन की योजना का लाभ दे रही है। उन्होंने कहा कि डबल इंजन सरकार के माध्यम से यूपी में विकास की योजनाओं को बिना भेदभाव गांव से शहर तक, प्रत्येक जगह प्रभावी ढंग से लागू करने का कार्य देखने को मिल रहा है। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि यूपी का नौजवान अब पहचान के लिए मोहताज नहीं है। देश में अब वह कहीं भी जाकर गर्व से कह सकता है कि मैं यूपी का नागरिक हूं। एक समय था, जब यूपी के सामने पहचान का संकट खड़ा किया गया था, लोग यहां की विरासत को कोसते थे, हमें अपमानित करते थे, बीमारू राज्य होने के कारण हमारे बारे में लोगों का दृष्टिकोण भिन्न था लेकिन यूपी अब बीमारू नहीं है। देश के विकास के अभियान में जुड़कर यहां के युवा, किसान और आधी आबादी भी कार्य कर रही है। यह भाजपा के प्रति आमजन के विश्वास का प्रतीक है।

# भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने किया मांट से चुनाव का आ'ान : विकास की सुपरपावर बना यूपी, यूपी में फिर बनेगी भाजपा की सरकार

**-जेसीबी से बरसाए फूल, ढोल-नगाड़ों से किया राष्ट्रीय अध्यक्ष का स्वागत**

मथुरा (जीएनएस)।



भाजपा के नवनिर्वाचित राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन दिल्ली से यमुना एक्सप्रेस-वे से होते हुए रविवार सुबह मथुरा पहुंचे। मांट विधानसभा के बाजना कट पर आयोजित जनसभा में लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने के बाद वह आज उत्तर प्रदेश के प्रथम दौरे पर आए हैं तथा वह यहां के कर्जदार भी हैं। उन्होंने भावुक होते हुए कहा कि वर्ष 2022 में वह अपने मित्र राजेश चौधरी के लिए वोट मांगने आए थे। उन्होंने जनसभा में उपस्थित लोगों से कहा कि आप सभी ने राजेश चौधरी को विधायक बनाकर मुझे कर्जदार बना दिया है। कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष का दायित्व संभालने के बाद उन्होंने तय किया था कि मांट की जनता का आभार व्यक्त करेंगे जाएंगे। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि बहुत कम समय होने के बाद भी भारी संख्या में पहुंची भीड़ ने यह साफ कर दिया है कि सीपी में 2027 में फिर से भाजपा की सरकार बनेगी। उन्होंने कहा कि दिल्ली से यमुना एक्सप्रेस-वे से आते समय उन्हें ऐसा लग रहा था कि जैसे वह किसी विदेशी शहर में आ गए हैं। कहा कि उत्तर प्रदेश विकास के नए आयाम स्थापित कर रहा है। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि वर्ष 2027 के चुनाव में भाजपा की सरकार फिर से बनेगी, इसका संदेश आज मांट की धरती से पूरे प्रदेश में चला गया है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 2047 तक विकसित भारत के संकल्प का उल्लेख करते हुए कहा कि यह सपना हम सभी को मिलकर साकार करना है। कहा कि मोदी सरकार ने मजदूरों को 125 दिन का रोजगार देकर उनका सम्मान बढ़ाया है तथा गरीब, किसान, मजदूर और युवा भाजपा की नीतियों से सीधे लाभान्वित हो रहे हैं। राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने अपने संबोधन में मांट विधायक राजेश चौधरी की

# अलग-अलग प्रकार का करीब 22 किलोग्राम मेफेड्रोन जब्त

डीआरआई ने 'ऑपरेशन सह्याद्रि चेकमेट' के तहत सह्याद्रि पर्वतमाला में मोबाइल मेफेड्रोन लैब का भंडाफोड़ किया; अलग-अलग प्रकार का करीब 22 किलोग्राम मेफेड्रोन जब्त किया; पांच लोग गिरफ्तार

(जीएनएस)।





एक बड़ी खुफिया जानकारी के आधार पर, राजस्व आसूचना निदेशालय (डीआरआई) ने ऑपरेशन सह्याद्रि चेकमेट नामक एक अभियान शुरू किया और सह्याद्रि पर्वतमाला के सुदूर भीतरी इलाके में स्थित एक गुप्त मोबाइल मेफेड्रोन बनाने वाली प्रयोगशाला को नष्ट किया।

अवैध प्रयोगशाला को इस तरह से बनाया गया था कि वह बार-बार अपना लोकेशन बदलकर पकड़े जाने से बच सके। निगरानी के दौरान एक मुर्गी फार्म की आड़ में चल रही गुप्त मैन्युफैक्चरिंग इकाई का पता चला। 24.01.2026 को डीआरआई के तहत चलाए गए एक बड़े अभियान में मेफेड्रोन (एनडीपीएस पदार्थ) के निर्माण में सक्षम उपकरणों वाली, अस्थायी, एक से दूसरी जगह ले जाने लायक और पूरी तरह से चालू गुप्त प्रयोगशाला का पदार्फाश हुआ।

अलग-अलग प्रकार का कुल 21.912 किलोग्राम मेफेड्रोन जब्त किया गया, जिसमें 11.848 किलोग्राम तरल रूप में, 9.326 किलोग्राम अर्ध-तरल रूप में और 738 ग्राम क्रिस्टल रूप में था। इसके साथ ही, लगभग 15 किलोग्राम तैयार एनडीपीएस पदार्थ बनाने के लिए तैयार 71.5 किलोग्राम कच्चा माल भी जब्त किया गया। जब्त किए गए एनडीपीएस पदार्थ की अवैध बाजार में कीमत लगभग ₹55 करोड़ होने का अनुमान है।

डीआरआई ने तीन लोगों को गिरफ्तार किया, जिनमें मैन्युफैक्चरिंग में शामिल 'कुक', फाइनेंसर-कंसाइनर और पोल्ट्री फार्म का मालिक शामिल हैं। तैयार एनडीपीएस की पहली खेप को पोल्ट्री फार्म के मालिक के घर पर सुरक्षित रखने के लिए छिपाया गया था।

इसके बाद की कार्रवाई में, डीआरआई के अधिकारियों ने घने जंगल में स्थित एक पुराने ऑक्ट्रॉय टोल नाके के पास देर रात निगरानी की और अंतिम उत्पाद लेने जा रहे दो और लोगों को गिरफ्तार किया। यह ध्यान देने योग्य है कि गिरफ्तार किए गए पांच लोगों में से चार पहले भी अपराध कर चुके हैं, जिन्हें एनडीपीएस अधिनियम के तहत गिरफ्तार किया जा चुका है या एमसीओसीए, 1999 जैसे गंभीर कानूनों के तहत उन पर मुकदमा चलाया जा रहा है।

## गोवर्धन पुलिस ने अवैध हथियार समेत एक बदमाश दबोचा

मथुरा (जीएनएस)। थाना गोवर्धन क्षेत्र स्थित नगला सांखी तिराहा के पास से पुलिस ने एक बदमाश को अवैध हथियार समेत गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार थाना प्रभारी गोवर्धन भगवान सिंह गुर्जर और चौकी प्रभारी राधाकुंड रजत दुबे पुलिस टीम के साथ संदिग्धों की चेकिंग कर रहे थे। उसी दौरान उन्हें मुखबिर से सूचना मिली कि नगला सांखी तिराहा के पास एक बदमाश अवैध हथियार लेकर खड़ा हुआ है। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी भगवत सिंह गुर्जर और चौकी प्रभारी रजत दुबे पुलिस टीम के साथ वहां पहुंच गए। पुलिस को देखकर भागने का प्रयास कर रहे शातिर बदमाश मुबारिक पुत्र जुल्ला निवासी देवसेरस थाना गोवर्धन को पुलिस टीम ने घेराबंदी करके दबोच लिया। पुलिस ने पकड़े गए शातिर की तलाशी ली तो उसके पास से एक तमंचा और कारतूस बरामद हुए। पुलिस ने पकड़े गए आरोपी के खिलाफ कार्रवाई करके जेल भेज दिया है।



# आईआईटी कानपुर में फेडरेटेड इंटेलिजेंस हैकाथॉन के समापन पर नीति निमार्ताओं और नवप्रवर्तकों ने स्वास्थ्य सेवाओं में जिम्मेदार एआई के भविष्य पर मंथन किया

**हैकाथॉन के लिए कुल 374 पंजीकरण प्राप्त हुए, जिनमें 208 व्यक्तिगत प्रतिभागी और दो या अधिक प्रतिभागियों की 166 टीमें शामिल थीं।**

**विजेताओं को प्रमाण पत्र एवं 12 लाख रुपये के नकद पुरस्कार प्रदान किए गए।**

(जीएनएस)।

राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण (एनएचए) ने आईसीएमआरझ नेशनल इंस्टिट्यूट फॉर रिसर्च इन डिजिटल हेल्थ एंड डेटा साइंस (एनआईआरडीएचडीएस) तथा भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) कानपुर के सहयोग से स्वास्थ्य क्षेत्र में एआई के लिए डिजिटल पब्लिक गुड्स (डीपीजी) के विकास हेतु फेडरेटेड इंटेलिजेंस हैकाथॉन का आयोजन किया। इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026 के पूर्व-आयोजन के रूप में आयोजित इस राष्ट्रीय पहल का उद्देश्य भारत में स्वास्थ्य सेवा के लिए सुरक्षित, गोपनीयता-संरक्षण करने वाले और स्केलेबल कृत्रिम बुद्धिमत्ता समाधान विकसित करना था। यह हैकाथॉन 19 से 24 जनवरी 2026 तक आईआईटी कानपुर में आयोजित किया गया।

राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण के मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. सुनील कुमार बर्णवाल ने भाषण में स्वास्थ्य सेवा के लिए एक विश्वसनीय, संघीय एआई इकोसिस्टम के निर्माण के सामरिक महत्व पर जोर दिया, जो एक्सपेरिमेंट से बेंचमार्क और





विश्वसनीय एआई मॉडल में परिवर्तित करता है।

उन्होंने यह भी कहा कि एआई प्रणालियों के प्रसार से पहले विविध, जनसंख्या-पैमाने के डेटासेट पर परीक्षण किया जाना चाहिए और कहा कि संघीय, सहमति-संचालित आर्किटेक्चर गोपनीयता और विश्वास सुनिश्चित करते हुए डेटा को केंद्रीकृत किए बिना नवाचार को वृहद स्तर पर पर आगे बढ़ाने के योग्य बनाती हैं।उन्होंने आयुष्मान भारतझप्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (एबीपीएम-जेएवाई) और आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन (एबीडीएम) का उल्लेख करते हुए भारत की जनसांख्यिकीय व क्षेत्रीय विविधताओं के अनुरूप, समावेशी और संदर्भ-तैयार एआई समाधानों के विकास के महत्व पर जोर दिया।

उद्घाटन सत्र में प्रो. संदीप वर्मा, प्रमुख, गंगवाल स्कूल ऑफ मेडिसिन एंड टेक्नोलॉजी; श्री मनिंदर अग्रवाल, निदेशक, आईआईटी कानपुर तथा सुश्री ऋतु माहेश्वरी, सचिव, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण और राज्य मिशन निदेशक, एबीडीएमझ उत्तर प्रदेश के संबोधन भी शामिल थे।

कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के तौर पर सम्मिलित आईआईटी कानपुर के प्रोफेसर, राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण के पूर्व सीईओ तथा यूआईडीएआई के पूर्व मिशन निदेशक डॉ. आर. एस. शर्मा ने बात पर प्रकाश डाला कि कैसे डिजिटल पब्लिक इन्फ्रास्ट्रक्चर और इंटरऑपरेबल डिजिटल पब्लिक गुड्स किस प्रकार सुरक्षित, स्केलेबल और नागरिक-केंद्रित स्वास्थ्य डेटा प्रबंधन को सक्षम बनाते हैं।

सर्वमएआई के सीईओ एवं सह-संस्थापक श्री विवेक राघवन ने भारत की स्तरित डिजिटल हेल्थ आर्किटेक्चर की भूमिका पर प्रकाश डाला, जो जनसंख्या और व्यक्तिगत—दोनों स्तरों पर एआई-आधारित स्वास्थ्य रूपांतरण को संभव बनाती है। उन्होंने प्रभावी एआई अपनाने के लिए डेटा गुणवत्ता, गोपनीयता और सुरक्षा को आधारभूत बताया तथा जिम्मेदार नवाचार, बाहरी निर्भरताओं में कमी और सार्वजनिक क्षेत्र के प्रभाव को बढ़ाने के लिए स्वदेशी, ओपन-सोर्स एआई मॉडल और स्थानीय एआई संप्रभुता के महत्व पर जोर किया।

आईसीएमआर- एनआईआर डीएचडीएस द्वारा स्वास्थ्य में एआई से जुड़ी अपनी पहलों पर चर्चा के लिए एक सत्र भी आयोजन किया।

आईआईटी कानपुर और एनएचए की साझेदारी से एक बेंचमार्किंग प्लेटफॉर्म विकसित किया जा रहा है, जो किसी एआई मॉडल की प्रभावशीलता का मूल्यांकन कर सकता है। यह प्लेटफॉर्म डेटा गोपनीयता, संस्थागत नियंत्रण और विश्वास सुनिश्चित करते हुए राष्ट्रीय स्तर पर नवाचार को सक्षम बनाता है। हैकाथॉन के दौरान विकसित सभी मॉडलों का मूल्यांकन इसी प्लेटफॉर्म पर किया गया।

हैकाथॉन के लिए कुल 374 पंजीकरण प्राप्त हुए, जिनमें 208

# मथुरा दौरे पर आए मुख्यमंत्री और राष्ट्रीय अध्यक्ष ने राजेश चौधरी के आवास पर पहुंच कर जताया शोक

मथुरा (जीएनएस)।



रविवार को मथुरा दौरे पर आए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने प्रभु श्रीबांकेबिहारी जी मंदिर में दर्शन के किए। इसके बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन सड़क मार्ग द्वारा मांट विधानसभा के भाजपा विधायक राजेश चौधरी जी के महोली रोड़ स्थित आवास पर पहुंचे। बता दें कि पिछले दिनों विधायक राजेश चौधरी की मां का निधन हो गया था। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने विधायक राजेश चौधरी की माता जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर गहरा शोक व्यक्त किया और शोकाकुल परिवार को ढांढस बंधाया।

RNI No.: UPHIN/25/A1698 Published & Owned by RAGINI JIGNESHKUMAR VAGHELA and Printed By SUSHILA SHUKLA at Krishna Printiers, 271/31 Chakmaki Dugawa, Rajendranagar, Lucknow-226018, Uttar Pradesh.
and Published from 538 GHA/85 Pataurganj, Near Janki Prasad Dharmshala, Sitapur Road, Niralanagar, Lucknow-226020, Uttar Pradesh. Editor : VINOD KUMARI
Regd.Office : B/13, Sneh Plaza Shopping Center, I.O.C. Road, Chandkheda, Ahmedabad - 382 424 Gujarat,India. Phone : (o) 7698333307 (M) 8485951747,7096333307
Email:navsarjansanskruti2016@gmail.com*navsarjansanskruti2016@yahoo.com*Website : www.navsarjansanskruti.com

# सम्पादकीय

## सामने आती चुनौतियों का शानदार सामना करता देश

कभी-कभी विश्व की परिस्थिति इस तरह की बन जाती है कि देश उनसे निपटने के लिए एकजुटता का परिचय देता है और पता ही नहीं चलता कि वह वैसे पहले से ज्यादा मजबूत होकर निकलता है। सोमवार को देश 77वां गणतंत्र दिवस मना रहा है तो राजधानी दिल्ली में सेना और राज्य सरकार अपनी शक्ति एवं सांस्वृतिक समृद्धि को दशार्ने के लिए कर्तव्य पथ पर प्रादर्शन करते हैं! आज देश के सामने जो चुनौतियां खड़ी की गई हैं, उनका सामना सरकार और जनता ने इतनी शानदार तरीके से किया कि अब दुनिया में भारत का मान बढ़ गया है।

26 जनवरी 1950 को भारत ने न सिर्प अपना संविधान लागू किया था बल्कि दुनिया को यह बताने की कोशिश की थी कि अब भारत संप्राभुता संपन्न देश है। हमारे देश की जनता को तमाम मौलिक अधिकार दिए गए हैं और साथ ही उनके लिए सरकार अपने राजधर्म का पालन करते हुए सामाजिक कर्तव्यों एवं नीति निर्देशक तत्वों का इस्तेमाल करेगी। 1950 से आज तक भारत की सभी सरकारों ने अपने कर्तव्यों का विनम्रता पूर्वक पालन किया तथा देश के नागरिकों को हर तरह के अवसर प्रादान करने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ी। इसी व्रम में 26 जनवरी 2026 को जब देश आत्मावलोकन कर रहा है तो यह स्पष्ट हो गया है कि अब भारत किसी देश के चाहने या न चाहने से न तो समृद्ध बनेगा और न ही विपन्न! सच यह है कि सरकार व देश ने हर दृष्टि से स्वावलंबी और अपने संसाधनों का इस्तेमाल करने के लिए समर्थ एवं सहमत करने का जो प्रायास किया है, वह सफल होता दिखाई दे रहा है।

भारत को यदि अमेरिका से चुनौती मिली तो भारत ने वाशिगटन डीसी को ऐसा संदेश दिया कि भारत मात्र अमेरिकी बाजार पर निर्भर नहीं है।

भारत के सामने पूरा अप्रीकी बाजार है तथा यूरोपियन और रूस की बाजार का विकल्प भी मौजूद है। 26 जनवरी का मुख्य आकर्षण यूरोपियन यूनियन है। निाति कार्यंव्रम के अनुसार यूरोपियन यूनियन 19 साल की प्रातीक्षा के बाद अब यानि 2007 से लगातार मुक्त व्यापार समझौता यानि एफटीए पर हस्ताक्षर करने के लिए भारत के साथ 15 बार बातें हो चुकी थीं। किन्तु फिर भी यूरोपियन यूनियन और भारत के बीच एफटीए के लिए अनुवूल समय नहीं मिल पाया था। लेकिन अब जब अमेरिका के राष्ट्रपति दुनिया के सभी देशों को अपने टैरिफ बम से डरवाने लगे तो यूरोपियन यूनियन, कनाडा और अप्रीका के देशों ने एक साथ आने का पैसला लिया है। यह गौरव की बात है कि अब भारत ने अमेरिका को उसकी औकात का एहसास कराते हुए हर उन देशों से अपने व्यापारिक रिश्ते मजबूत कर रहा है जो भारतीय सुरक्षा एवं अर्थव्यवस्था के हित में हो। अमेरिकी वित्त मंत्री ने शेखी बघारने के लिए शनिवार को एक वक्तव्य में कहा कि अब भारत पर लगे 25 प्रातिशत पेनाल्टी टैरिफ को अमेरिका खत्म कर सकता है क्योंकि उसने जिन कारणों से पेनाल्टी टैक्स लगाया था, उसका उद्देश्य पूरा हो गया है। वित्त मंत्री के कहने का मतलब है कि भारत ने रूस से तेल लेना बंद कर दिया है। अब भला इस अमेरिकी वित्त मंत्री को कौन समझाए कि रूस भारत का मित्र है। जबकि अमेरिका के साथ 'पार्टनर' का संबंध है। इसलिए जब अमेरिका ने भारत के सामने रूस से तेल खरीदने पर इतना बवाल किया तो भारत के सच्चे मित्र रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने भारत को सोना और चांदी बेचना शुरू कर दिया। भारत में खूब खरीदा भी। अब भारत और रूस की इस मैत्री भाव को देखकर अमेरिका का होश उड़ना स्वाभाविक है। सबसे बड़ी बात यह है कि भारत में नवनियुक्त अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर ने भारत के साथ अमेरिका के संबंधों को सामान्य बनाने के लिए काफी प्रयास कर रहे हैं।

बहरहाल अमेरिका को लग रहा है कि जब पूरा यूरोप भारत के साथ चला जाएगा और उसके परंपरागत मित्र भी उससे नाराज हो रहे हैं तो जाहिर सी बात है कि उसके आर्थिक बादशाहत को चुनौती मिलना स्वाभाविक है।

## गणतंत्र पर्व की पूर्व संध्या पर थराद में 'सरहद का साद - नूतन वाव थराद' मल्टीमीडिया सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन

गांधीनगर, 25 जनवरी : 77वें गणतंत्र दिवस 2026 की राज्य स्तरीय समारोह श्रंखला अंतर्गत रविवार को नवगठित वाव थराद जिले में गणतंत्र पर्व की पूर्व संध्या पर थराद के मलुपुर में 'सरहद का साद - नूतन वाव - थराद' मल्टीमीडिया सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में राज्यपाल ने कहा कि वाव थराद नया जिला बनने के बाद पहली बार यहां गणतंत्र पर्व का इतनी भव्य एवं दिव्य रूप से उत्सव मनाया जा रहा है, जिसके लिए समस्त जिलावासी अभिनंदन के पात्र हैं।

राज्यपाल ने कहा, 'गुजरात में राज्यपाल के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान मैंने अनेक भव्य कार्यक्रम देखे हैं, परंतु यहां की जनता में जो शालीनता, सभ्यता और सरलता दिखाई देती है, वैसी मैंने पहले कभी नहीं देखी। यहां के लोग अत्यंत भले और संस्कारी हैं।' उन्होंने मुख्यमंत्री द्वारा नवगठित जिले के लिए घोषित विभिन्न विकास कार्यों एवं अनुदान की सराहना करते हुए कहा कि नए जिले के गठन से इस क्षेत्र के विकास को और अधिक गति मिलेगी।

राज्यपाल ने विधानसभा अध्यक्ष श्री शंकरभाई चौधरी के प्रयासों और बनास डेयरी के योगदान की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस मरुस्थलीय क्षेत्र को हरा-भरा बनाने में सहकारी गतिविधियों का बड़ा योगदान है। साथ ही उन्होंने माता-पिता से अपील की कि बेटा- बेटी के शिक्षा में भेदभाव करे बिना बच्चों को उच्च शिक्षा दें और उन्हें व्यसन मुक्त व संस्कारवान बनाएं, ताकि वे परिवार और देश का गौरव बढ़ा सकें।

पशुपालन से जुड़े इस क्षेत्र के किसानों को राज्यपाल ने 'जहर-मुक्त खेती' अर्थात प्राकृतिक खेती अपनाने पर विशेष बल दिया। उन्होंने कहा, 'यदि आप प्राकृतिक खेती की ओर बढ़ेंगे तो पर्यावरण, धरती माता और गौ माता की रक्षा होगी, लोगों का स्वास्थ्य सुधरेगा और भूमिगत जलस्तर भी ऊंचा आएगा।' उन्होंने जिलावासियों से वाव थराद जिले को प्राकृतिक खेती में 'मॉडल जिला' बनाने का आ'ान किया।

राज्यपाल ने 'सर्वे भवन्तु सुखिनः' श्लोक के साथ सभी के उत्तम स्वास्थ्य



एवं सुख-समृद्धि की मंगलकामना की।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री भूपेंद्र पटेल ने कहा कि आज नवगठित वाव थराद जिले में 77वें गणतंत्र पर्व का पहला राज्य स्तरीय ध्वजवंदन समारोह आयोजित हो रहा है, जो मेरे लिए गर्व और आनंद का क्षण है। सुबह से जिले की जनता में जो उत्साह, उमंग और देशभक्ति का वातावरण देखने को मिल रहा है, वह इस ऐतिहासिक क्षण को और भी यादगार बना रहा है। इस पावन अवसर पर उन्होंने सभी को 77वें गणतंत्र पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं दीं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि 1947 में हमने अंग्रेजों की गुलामी से स्वतंत्रता प्राप्त की और उसके बाद डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर द्वारा प्रदत्त संविधान ने हमें लोकतंत्र का मार्ग दिखाया और गणतंत्र पर्व मनाने का अधिकार दिया। गणतंत्र पर्व 140 करोड़ भारतीयों के लोकतंत्र पर अटूट विश्वास का प्रतीक है।

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की प्रेरणा से 'सोमनाथ स्वाभिमान पर्व' पूरे वर्ष मनाने का संकल्प लिया गया है, ताकि आने वाली पीढ़ी अपने इतिहास, संस्कृति और विरासत से जुड़ सके। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने 'राष्ट्रहित प्रथम' की भावना से राष्ट्रीय पर्वों को सीमित ढांचे से बाहर निकालकर राज्य के विभिन्न जिलों में मनाने की परंपरा प्रारंभ की है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि वाव थराद जिले में आयोजित यह पहला राज्य स्तरीय समारोह सीमावर्ती क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के संकल्प का जीवंत उदाहरण है।

उन्होंने आगे कहा कि अंतरराष्ट्रीय सीमा से जुड़ा यह जिला सुरक्षा की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है। 1965 तथा 1971 के युद्ध के दौरान यहां की जनता ने जो शौर्य और साहस दिखाया, वह आज भी सभी के लिए प्रेरणास्रोत है। इस अवसर पर उन्होंने रणछोड़ पगी जैसे अद्वितीय देशभक्तों को नमन किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा दिया गया 'ईज ऑफ लिविंग' का मंत्र आज वाव थराद में साकार होता दिखाई दे रहा है। राज्य सरकार ने सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य और कनेक्टिविटी जैसे क्षेत्रों को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है।

मुख्यमंत्री ने जिलावासियों को जानकारी देते हुए कहा कि वाव थराद जिले में ग्रामीण पंचायत विभाग के विकास के लिए 59 करोड़ रुपए की राशि आवंटित की गई है। किसानों को फसल क्षति के बदले 395 करोड़ रुपए की सहायता दी गई है।

जल विकास कार्यों के लिए 2500 करोड़ रुपए की विशेष परियोजना लागू की गई है।

## विंग्स इंडिया 2026 भारत के विमानन क्षेत्र में विश्व के सबसे तेजी से बढ़ते नागर विमानन बाजार के रूप में हो रही प्रगति को प्रदर्शित करेगा

(जीएनएस)।

विश्व में सबसे तेजी से बढ़ते क्षेत्रों में से एक भारत का नागर विमानन क्षेत्र एशिया के सबसे बड़े नागरिक उड्डयन कार्यक्रम विंग्स इंडिया 2026 में केंद्र बिंदु बनने के लिए तैयार है। यह 28 से 31 जनवरी 2026 को बेगमपेट हवाई अड्डे हैदराबाद में आयोजित होने वाला है।

चार दिन के इस भव्य आयोजन का औपचारिक शुभारंभ माननीय नागर विमानन मंत्री श्री किंजरापु राममोहन नायडू द्वारा देश और विदेश के वरिष्ठ गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति में किया जाएगा। यह शुभारंभ एक ऐतिहासिक वैश्विक विमानन सम्मेलन की शुरूआत का प्रतीक होगा। यह कनेक्टिविटी, विनिर्माण, सेवाओं, नवाचार और स्थिरता के क्षेत्र में भारत के एक प्रमुख विमानन केंद्र के रूप में परिवर्तन को प्रदर्शित करेगा।

"भारतीय विमाननः भविष्य का मार्ग प्रशस्त करना - डिजाइन से तैनाती तक, विनिर्माण से रखरखाव तक, समावेशिता से नवाचार तक और सुरक्षा से स्थिरता तक" विषय पर आधारित विंग्स इंडिया 2026 बताएगा कि कैसे भारत का विमानन इकोसिस्टम आर्थिक विकास, क्षेत्रीय विकास और वैश्विक एकीकरण के एक शक्तिशाली इंजन के रूप में विकसित हुआ है।

भारत के विमानन क्षेत्र के विकास की कहानी ने वैश्विक स्तर पर सुर्खियां बटोरीं।

पिछले एक दशक में देश के नागर विमानन क्षेत्र में अभूतपूर्व विस्तार हुआ है:

यात्री यातायात में कई गुना वृद्धि हुई है। इससे भारत दुनिया के शीर्ष विमानन बाजारों में शुमार हो गया है।

भारतीय विमानन कंपनियों ने सैकड़ों नए विमान शामिल किए हैं और रिकॉर्ड तोड़ विमान ऑर्डर ने देश को वैश्विक स्तर पर भविष्य के सबसे बड़े विमान बाजारों में से एक के रूप में स्थापित किया है।

हवाई अड्डे के बुनियादी ढांचे का तेजी से विस्तार हुआ है। इसमें नए ग्रीनफील्ड हवाई अड्डे, आधुनिक टर्मिनल और यूडीएन जैसी प्रमुख पहलों के अंतर्गत बेहतर क्षेत्रीय कनेक्टिविटी शामिल है।

भारत विमान रखरखाव, मरम्मत और नवीनीकरण (एमआरओ) , पायलट प्रशिक्षण , एयरोस्पेस विनिर्माण , कार्गो लॉजिस्टिक्स और उन्नत हवाई गतिशीलता के लिए एक मजबूत केंद्र के रूप में उभर रहा है।

सतत विमानन की दिशा में एक बडे प्रयास में सतत विमानन ईंधन (एसएएफ), हरित हवाई अड्डे और डिजिटल हवाई नेविगेशन शामिल हैं, जो उड़ान के भविष्य को नया आकार दे रहा है।

विंग्स इंडिया 2026 इस असाधारण विकास यात्रा को दर्शाएगा और वैश्विक विमानन शक्ति बनने की भारत की महत्वाकांक्षा को प्रदर्शित करेगा ।

विमानन उत्कृष्टता के लिए एक वैश्विक मंच

विंग्स इंडिया 2026 में निम्नलिखित शामिल होंगेः

एक विस्तृत और विश्व स्तरीय अंतर्राष्ट्रीय प्रदर्शनी

स्थिर विमानों का प्रदर्शन और कलाबाजी के करतबों का प्रदर्शन

एक उच्च स्तरीय वैश्विक विमानन सम्मेलन

मंत्रिस्तरीय पूर्ण सत्र और वैश्विक सीईओ मंच

सीईओ राउंडटेबल, बी2बी और बी2जी बैठकें

विमानन रोजगार मेला और छात्र नवाचार प्रतियोगिता

प्रतिष्ठित पुरस्कार समारोह

देश की विरासत को प्रतिबिंबित करने वाले जीवंत सांस्कृतिक कार्यक्रम

यह आयोजन नीति निमार्ताओं, वैश्विक सीईओ, निवेशकों, नवप्रवर्तकों, एयरलाइनों, हवाई अड्डों, ओईएम, एमआरओ, पट्टेदारों, प्रौद्योगिकी प्रदाताओं, प्रशिक्षण संस्थानों और स्टार्टअप्स को एक साथ लाएगा। इससे यह दुनिया के सबसे व्यापक विमानन प्लेटफार्मों में से एक बन जाएगा।

मजबूत वैश्विक और घरेलू भागीदारी

विंग्स इंडिया 2026 में निम्नलिखित आयोजन होंगेः

20 देशों (कंबोडिया, घाना, रूस, सेशेल्स, त्रिनिदाद और टोबैगो, सिंगापुर, अल्जीरिया, डोमिनिकन गणराज्य, ईरान, मालदीव, मंगोलिया, मोजाम्बिक, ओमान, कतर, यूरोपीय संघ, यूके, फ्रांस, जर्मनी, अमेरिका) के मंत्रिस्तरीय और आधिकारिक विदेशी प्रतिनिधिमंडल।

भारतीय राज्यों की सक्रिय भागीदारी रही है और कई मंत्रियों और अधिकारियों के उद्घाटन समारोह, प्रदर्शनियों और सत्रों में शामिल होने का कार्यक्रम है।

एयरबस, बोइंग, एम्ब्रेयर, एचएएल, डसॉल्ट, बेल टेक्सट्रॉन, एटीआर, पिलाटस, डी हैविलैंड, आरटीएक्स, रोल्स-रॉयस, यूनाइटेड एयरक्राफ्ट कॉर्पोरेशन, सीएसआईआर-एनएएल जैसी प्रमुख वैश्विक और घरेलू कंपनियों के साथ-साथ जीएमआर, अदानी, नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा, एतिहाद एयरवेज, थाई एयरवेज, एयर इंडिया, इंडिगो और अकासा एयर ने भी अपनी भागीदारी की पुष्टि की है।

## गूगल डूडल ने भारत के 'गगनयान' और इसरो के शौर्य को किया सलाम

"भारत आज अपना 77वां गणतंत्र दिवस मना रहा है, और इस वर्ष का उत्सव केवल जमीन और समुद्र तक सीमित नहीं है, बल्कि अंतरिक्ष तक फैला हुआ है। इस गौरवशाली अवसर पर गूगल ने एक नया और भविष्यवादी डूडल जारी किया है जो भारत की अंतरिक्ष अन्वेषण क्षमता और तकनीकी प्रगति को समर्पित है।

जहां कर्तव्य पथ पर 'वंदे मातरम' की 150वीं वर्षगांठ मनाई जा रही है और यूरोपीय संघ के नेता मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद हैं, वहीं गूगल का यह डूडल भारत की "न्यू इंडिया" वाली छवि को अंतरिक्ष की गहराईयों के साथ जोड़कर दिखा रहा है।

गूगल डूडल का संदेश, 'स्पेस पावर' बनता भारत

अपलोड किए गए नए डूडल में भारत की वैज्ञानिक उपलब्धियों को बेहद रचनात्मक तरीके से दशार्या गया हैः

गगनयान और भविष्य की राहः डूडल में एक रॉकेट (जो कि छश्ट3 जैसा प्रतीत होता है) को प्रक्षेपण की स्थिति में दिखाया गया है, जो भारत के पहले मानवयुक्त अंतरिक्ष मिशन 'गगनयान' की ओर संकेत करता है।



ग्रहों की कक्षा और इसरो की सफलताः गूगल के लोगो में ग्रहों के चक्र और उपग्रहों के सौर पैनलों को शामिल किया गया है, जो मंगलयान और चंद्रयान मिशनों के बाद भारत की बढ़ती वैश्विक साख का प्रतीक हैं।

नया क्षितिजः यह डूडल संदेश देता है कि भारत अब केवल सीमाओं की रक्षा तक सीमित नहीं है, बल्कि वह ब्रह्मांड के अनसुलझे रहस्यों को सुलझाने के लिए भी तैयार है।

कर्तव्य पथ पर 'चरणबद्ध युद्ध संरचना'

एक ओर जहां डूडल अंतरिक्ष की बात करता है, वहीं कर्तव्य पथ पर पहली बार 'चरणबद्ध युद्ध संरचना' का प्रदर्शन किया जा रहा है।

स्वदेशी हथियारः इस विन्यास में टी-90 और अर्जुन टैंक, बीएमपी-क्क नामिस-क्क नाग और ब्रह्मोस मिसाइल प्लेटफॉर्म शामिल हैं, जो परेड के इतिहास में पहली बार इस विन्यास में दिखेंगे।

भैरव बटालियनः पैदल सेना और विशेष बलों के बीच के अंतर को कम करने के लिए सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी द्वारा शुरू की गई भैरव लाइट कमांडो बटालियन भी पहली बार परेड का हिस्सा बनी है।

वायु सेना और नौसेना का अनूठा संगम

वायु सेना का नेतृत्वः इस वर्ष भारतीय वायु सेना मुख्य सैन्य सेवा है और सभी औपचारिक कार्यक्रमों का संचालन कर रही है। उनके फ्लाईपास्ट में राफेल, स्४-30 टढ्क और अपाचे जैसे 29 विमान 'गौरव के साथ आकाश को छूना' के आदर्श वाक्य को सार्थक करेंगे।

नौसेना की झांकीः भारतीय नौसेना की झांकी में 5वीं शताब्दी के सिलाई वाले जहाजों से लेकर आधुनिक आईएनएस विक्रांत और ऋअळ-7फ उपग्रह तक के समुद्री सफर को दिखाया गया है, जो गूगल डूडल के 'स्पेस' थीम से सीधे मेल खाता है।

नारी शक्ति और समावेशिता

गणतंत्र दिवस 2026 समावेशिता का भी उत्सव है। उफ्ढऋकी 140 से अधिक पुरुष कर्मियों वाली टुकड़ी का नेतृत्व सहायक कमांडेंट सिमरन बाला कर रही हैं, जो इस अर्धसैनिक बल के इतिहास में पहली बार हो रहा है। इसके साथ ही तोपखाना रेजिमेंट की मशीनीकृत टुकड़ियों की कमान महिला अधिकारियों के हाथ में है।

## कौन थे आईएएफ के इकलौते परमवीर चक्र विजेता शहीद निर्मलजीत सिंह सेखों? आसमान में अकेले चटाई पाक को धूल

(जीएनएस)।

गणतंत्र दिवस 2026 के पावन अवसर पर पूरा देश उन जांबाजों को नमन कर रहा है, जिन्होंने मां भारती की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति दी। इसी बीच 23 जनवरी को रिलीज हुई बहुप्रतीक्षित फिल्म 'बॉर्डर 2' ने सिनेमाघरों में देशभक्ति का नया ज्वार पैदा कर दिया है। यह फिल्म केवल मनोरंजन नहीं, बल्कि 1971 के भारत-पाक युद्ध में भारतीय सेना और वायुसेना के अदम्य साहस, अद्वितीय बलिदान और ऐतिहासिक जीत का एक जीवंत दस्तावेज है।

फिल्म में भारतीय वायुसेना के वीर शहीद फ्लाइंग ऑफिसर निर्मलजीत सिंह सेखों की वीरता को पर्दे पर उतारा गया है। इनकी कहानी




आज भी हर भारतीय की रगों में जोश भर देती है। गणतंत्र दिवस के इस माहौल में सेखों का बलिदान हमें याद दिलाता है कि हमारी आजादी की कीमत कितनी बड़ी है।

पंजाब की मिट्टी से आसमान के रक्षक बनने तक का सफर

फ्लाइंग ऑफिसर निर्मलजीत सिंह सेखों का जन्म 17 जुलाई 1945 को पंजाब के लुधियाना जिले के इसेवाल गांव में हुआ था। एक साधारण परिवार में जन्मे सेखों के मन में बचपन से ही देश सेवा का जज्बा था। उन्होंने अपनी शुरूआत इंजीनियरिंग की पढ़ाई से की थी, लेकिन जल्द ही उन्हें आभास हुआ कि उनकी असली मंजिल आसमान की ऊंचाइयों में देश की रक्षा करना है। इसी संकल्प के साथ उन्होंने 1964 में भारतीय वायुसेना में कदम रखा।

मिग-21 और 18 स्क्वॉड्रन के निडर योद्धा

वायुसेना में शामिल होने के बाद सेखों को मिग-21 लड़ाकू विमान उड़ाने का गहन प्रशिक्षण मिला। उनकी तैनाती वायुसेना की 18 स्क्वॉड्रन में हुई, जहाँ वे अपने शांत स्वभाव, कड़े अनुशासन और निडरता के कारण सहकर्मियों के बीच काफी लोकप्रिय थे। 1971 का युद्ध उनके लिए अपनी ट्रेनिंग को साबित करने का सबसे बड़ा अवसर लेकर आया।

जब बिना आदेश दुश्मन के छह विमानों से अकेले भिड़ गए

14 दिसंबर 1971 का वह दिन इतिहास के पन्नों में दर्ज है। पाकिस्तान के लड़ाकू विमानों ने श्रीनगर एयरफील्ड पर अचानक हमला बोल दिया था। स्थिति इतनी खराब थी कि आधिकारिक तौर पर

## भगत सिंह कोश्यारी : विधानपरिषद सदस्य से सीएम और फिर राज्यपाल तक, अब मिलेगा पद्मभूषण सम्मान

(जीएनएस)।

उत्तराखंड के पूर्व सीएम और महाराष्ट्र के पूर्व राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी को पद्मभूषण सम्मान से नवाजा जाएगा। गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर पद्म पुरस्कारों की घोषणा की गई। भगतदा का विधान परिषद सदस्य से मुख्यमंत्री और राज्यपाल तक का सफर कई चुनौतियों भरा रहा।

कोश्यारी विधान परिषद सदस्य, विधायक, मुख्यमंत्री, राज्यसभा सदस्य, लोकसभा सांसद और फिर राज्यपाल समेत कई अहम जिम्मेदारी निभा चुके हैं। कोश्यारी, उत्तराखंड भाजपा के पहले प्रदेश अध्यक्ष भी रहे हैं। कोश्यारी अपनी सादगी और स्ट्रेट फॉरवर्ड बात के लिए जाने जाते हैं।

इंदिरा गांधी ने जब साल 1975 में आपातकाल लगाया था, तो उन्होंने इसका विरोध किया था और पौने दो साल तक जेल में बंद रहे। उनका जन्म साल 1942 में उत्तराखंड के बागेश्वर स्थित नामती चेताबागड़ गांव में हुआ था। उन्होंने अपना पूरा जीवन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और बीजेपी को समर्पित किया है।

भगतदा बहुत की सामान्य परिवार से आते हैं। परिवार की आजीविका का साधन खेती था। इनका प्रारंभिक




जीवन काफी गरीबी में बीता। कोश्यारी ने प्रारंभिक शिक्षा प्राथमिक विद्यालय महरगाड़ से प्राप्त की। भगत दा ने हाईस्कूल की शिक्षा कपकोट से और इंटर की शिक्षा पिथौरागढ़ से हासिल की।

भगत दा ने बीए और एमए की पढ़ाई अल्मोड़ा महाविद्यालय से की। एमए अंग्रेजी कोश्यारी वर्ष 1966 में आरएसएस के संपर्क में आए कोश्यारी ने संघ की मजबूती के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया। आरएसएस के प्रचारक रहे कोश्यारी ने वर्ष 1977 में पिथौरागढ़ में सरस्वती शिशु मंदिर की स्थापना की। सरस्वती शिशु मंदिर में लंबे समय तक अध्यापन किया।

छात्र राजनीति से राजनीति की शुरूआत करने वाले कोश्यारी ने वर्ष 1989 में अल्मोड़ा संसदीय सीट से लोकसभा का चुनाव लड़ा। इस चुनाव में पराजय के बाद भी कोश्यारी ने जनता से जुड़ाव नहीं छोड़ा। यूपी में विधान परिषद सदस्य, उत्तराखंड की अंतरिम सरकार में ऊर्जा, सिंचाई, संसदीय कार्य मंत्री का दायित्व संभालने वाले कोश्यारी को अंतरिम सरकार में मुख्यमंत्री बनाया गया। बाद में कोश्यारी को लोकसभा और राज्यसभा का प्रतिनिधित्व करने का मौका मिला। इसके बाद कोश्यारी को महाराष्ट्र राज्य का राज्यपाल बनाया गया।

1997 में वह उत्तर प्रदेश विधान परिषद के सदस्य चुने गए।

कोश्यारी को अक्टूबर 2001 से मार्च 2002 तक मुख्यमंत्री नियुक्त किया गया।

साल 2002 से 2007 तक उन्होंने उत्तराखंड में नेता विपक्ष की भूमिका निभाई।

कोश्यारी लोकसभा और राज्यसभा के सदस्य भी रहे हैं।

## इंद्रजीत सिंह बिंद्रा : क्रिकेट जगत में शोक की लहर, जिसने बदला था भारतीय क्रिकेट का नसीब, वो दिग्गज अब नहीं रहा

(जीएनएस)।

भारतीय क्रिकेट प्रशासन को पूरी दुनिया में पहचान दिलाने में पूर्व बीसीसीआई अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह बिंद्रा का बड़ा हाथ रहा है। रविवार को इंद्रजीत सिंह बिंद्रा का निधन हो गया। 84 वर्षीय बिंद्रा पिछले कुछ समय से अस्वस्थ थे। उनके परिवार में एक पुत्र और एक पुत्री हैं। उनके निधन पर आईसीसी के चेयरमैन जय शाह सहित खेल जगत की तमाम हस्तियों ने गहरा शोक व्यक्त किया है।

बिंद्रा के करियर का सबसे ऐतिहासिक क्षण

बिंद्रा के करियर का सबसे ऐतिहासिक क्षण 1987 का वर्ल्ड कप (रिलायंस कप) था। यह पहला मौका था जब क्रिकेट का सबसे बड़ा आयोजन इंग्लैंड की सीमाओं से बाहर निकलकर भारतीय उपमहाद्वीप में पहुंचा था। उन्होंने अपने करीबी सहयोगी दिवंगत जगमोहन डालमिया और तत्कालीन बोर्ड अध्यक्ष एन.के.पी. साल्वे के साथ मिलकर इस असंभव कार्य को संभव कर दिखाया।



भारतीय क्रिकेट बोर्ड को पहचान दिलाने में निभाई थी अहम भूमिका

बिंद्रा को भारतीय क्रिकेट के प्रसारण अधिकारों में क्रांति लाने का श्रेय दिया जाता है। 1994 में उन्होंने दूरदर्शन के एकाधिकार को चुनौती देने के लिए सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। अदालत से पक्ष में फैसला आने के बाद ही एरढठ और ळहक जैसी अंतरराष्ट्रीय कंपनियों के लिए भारतीय बाजार खुला। इसी दूरदर्शिता के कारण आज भारतीय क्रिकेट बोर्ड दुनिया का सबसे अमीर खेल संगठन बन सका है।

हासिल की ये बड़ी उपलब्धियां

उन्होंने इउउक अध्यक्ष के रूप में 1993 से 1996 तक बोर्ड का नेतृत्व किया। 1978 से 2014 तक वह पंजाब क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष रहे। मोहाली के विश्वस्तरीय स्टेडियम का निर्माण उन्हीं की देखरेख में हुआ, जिसका नाम बाद में उन्हीं के सम्मान में 'आईएस बिंद्रा स्टेडियम' रखा गया। वह शरद पवार के कार्यकाल के दौरान अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद के मुख्य सलाहकार भी रहे।

विवादों से भी रहा नाता

बिंद्रा का कार्यकाल विवादों से अछूता नहीं रहा। आईपीएल स्पॉट फिक्सिंग कांड के बाद ललित मोदी का समर्थन करने के कारण उन्हें काफी आलोचनाओं का सामना करना पड़ा था। इसके अलावा, साउथ अफ्रीका क्रिकेट के सीईओ के रूप में हारून लोर्गट की नियुक्ति में उनकी भूमिका को लेकर भी बोर्ड के भीतर मतभेद देखे गए थे।

# जिला पंचायत अध्यक्ष राजरानी रावत ने कहा गांवों, गरीबों और किसानों का समग्र कल्याण भाजपा सरकार की प्राथमिकता

(जीएनएस)।

मसौली बाराबंकी। गांवों, गरीबों और किसानों का समग्र कल्याण भज्प सरकार की प्राथमिकता है। इन्हें समृद्ध और सशक्त बनाना ही हमारा मूल लक्ष्य है यह योजना ग्रामीण भारत के लिए केवल एक रोजगार कार्यक्रम नहीं, बल्कि आत्मनिर्भरता, सम्मान और स्थायी विकास की मजबूत आधारशिला है। जिला पंचायत अध्यक्ष राजरानी रावत ने ग्राम पंचायत रहरामऊ मे हुए विकास कार्यो की प्रशंसा की।

उक्त बाते रविवार को ग्राम पंचायत बांसा स्थित रहरामऊ ग्राम प्रधान प्रतिनिधि अनिल कुमार वर्मा द्वारा आयोजित विकसित भारत जी राम जी जनजागरण अभियान की जिला स्तरीय कार्यशाला को सम्बोधित करते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष राजरानी रावत ने कही उन्होंने कहा कि भारत की आत्मा गांवों में बसती है और जब गांव मजबूत होते हैं, तभी राष्ट्र सशक्त



बनता है। इसी मूल भावना को साकार करने के उद्देश्य से केंद्र सरकार द्वारा विकसित भारतझग्राम गारंटी अधिनियम 2025 (वीबी–जी राम जी) को लागू किया गया है। यह योजना ग्रामीण भारत के लिए केवल एक रोजगार कार्यक्रम नहीं, बल्कि आत्मनिर्भरता, सम्मान और स्थायी विकास की मजबूत आधारशिला है।

जैदपुर विधानसभा के भाजपा प्रत्याशी रहे अंबरीश रावत ने कहा कि वीबी–जी राम जी के माध्यम से गांवों में अब 125 दिन का सुनिश्चित रोजगार उपलब्ध कराया जा रहा है, साथ ही टिकाऊ और उपयोगी परिसंपत्तियों का निर्माण भी किया जा रहा है। यह पहल ग्रामीण परिवारों की आय बढ़ाने, पलायन रोकने और गांव की अर्थव्यवस्था को दीर्घकालीन रूप से सशक्त करने की दिशा में एक निर्णायक कदम सिद्ध हो रही है।

सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के जिला समन्वयक राजकुमार सोनी ने कहा कि मोदी और योगी के नेतृत्व वाली डबल इंजन की सरकार ने प्रदेश में विकास की जो इमारत खड़ी की वह इतिहास में दर्ज होगा। सबका साथ सबका विकास के तर्ज पर प्रदेश में समाज के सभी तबकों सम्मान मिल रहा है।

पूर्व मंडल अध्यक्ष नितिन कुमार मौर्य के संचालन मे आयोजित कार्यशाला को राजकरन रावत, दीपक कुमार गुप्ता, मास्टर ओमप्रकाश वर्मा, डा0 प्रेम प्रकाश वर्मा, रुपलाल, रामसुमेर, आकाश वर्मा, रमेश वर्मा, शिवबालक रावत, मनीष सोनी, विजय रावत, ठाकुर ब्रजराज सिंह, बिंद्राज सिंह, रमेश मिस्त्री, गुड्डू मौर्य, दीपेश कुमार, राहुल वर्मा, रामबिलास यादव सहित तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# लखनऊ में इलाज नहीं, लूट का धंधा कैंसर मरीज की मौत, अस्पताल ने 2.50 लाख देकर खरीदी चुप्पी

(जीएनएस)।

लखनऊ। उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के थाना ठाकुरगंज क्षेत्र अंतर्गत भुअर चौकी इलाके में स्थित लखनऊ राजधानी हॉस्पिटल उस वक्त सवालों के कठघरे में खड़ा हो गया, जब इलाज के दौरान एक कैंसर पीड़ित महिला की मौत हो गई और इसके बाद अस्पताल परिसर हंगामे का अखाड़ा बन गया। महिला पिछले 11 दिनों से अस्पताल में भर्ती थी और परिजनों का आरोप है कि इलाज के नाम पर लापरवाही की सारी हदें पार कर दी गईं। मृतका के परिजनों का गुस्सा स्वाभाविक था। उनका सीधा सवाल था कि जब इस अस्पताल में कैंसर जैसी गंभीर बीमारी के इलाज की न तो विशेषज्ञ सुविधा है और न ही जरूरी संसाधन, तो फिर मरीज को भर्ती क्यों किया गया और ऑपरेशन करने का जोखिम क्यों उठाया गया। क्या यह इलाज था या सीधे तौर पर मरीज की मजबूरी को भुनाने का खेल? क्या अस्पताल ने पहले ही यह आकलन किया था कि वह इस स्तर के मरीज का इलाज करने में सक्षम है, या फिर सिर्फ बिल बनाने की मंशा से महिला की जान को दांव पर लगाया गया? महिला की मौत के बाद परिजनों ने अस्पताल प्रशासन और डॉक्टरों पर गंभीर आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा किया। आरोप था कि समय रहते न सही इलाज मिला और न ही हालात बिगड़ने पर उचित




कदम उठाए गए। हंगामा बढ़ता देख मौके पर पुलिस को बुलाना पड़ा। इंस्पेक्टर ठाकुरगंज ओमवीर चौहान स्वयं घटनास्थल पर पहुंचे और हालात को काबू में लेने की कोशिश की। इसके बाद जो हुआ, उसने पूरे मामले को और संदिग्ध बना दिया। अस्पताल प्रशासन और मृतका के परिजनों के बीच समझौता कराया गया और शर्त यह रही कि अस्पताल की ओर से मृतका के परिवार को 2 लाख 50 हजार रुपये का भुगतान किया जाएगा। मौके पर ही अस्पताल संचालक ने चेक सौंपा और मामला वहीं दबा दिया गया। अब सबसे बड़ा और सबसे तीखा सवाल यही है कि अगर अस्पताल प्रशासन निर्दोष था और इलाज पूरी तरह नियमों व मानकों के अनुसार हुआ था, तो फिर यह भुगतान किस बात का किया गया? क्या यह रकम लापरवाही की कीमत थी, या मौत पर पर्दा डालने का सौदा? इस घटना ने एक बार फिर यह कड़वा सच उजागर कर दिया है कि शहर में कई निजी अस्पताल बिना पर्याप्त सुविधाओं, बिना विशेषज्ञ डॉक्टरों और बिना किसी ठोस निगरानी के धड़ल्ले से संचालित हो रहे हैं। यहां गंभीर बीमारियों का इलाज ऐसे किया जा रहा है जैसे कोई सामान्य प्रक्रिया हो, जबकि जरा सी चूक मरीज की जान ले सकती है। सवाल यह भी है कि आखिर ऐसे अस्पतालों को अनुमति किस आधार पर दी जा रही है और इन्हें नियमित रूप से जांचने की जिम्मेदारी किसकी है। लखनऊ राजधानी हॉस्पिटल की यह घटना अकेली नहीं है, बल्कि पूरे जिले के स्वास्थ्य तंत्र पर एक करारा तमाचा है। आखिर कितने अस्पताल ऐसे हैं जो भगवान भरोसे चल रहे हैं, जहां इलाज से ज्यादा जोखिम है? कितनी जिंदगियां अभी और यूं ही सिस्टम की भेंट चढ़ेंगी? अब वक्त आ गया है कि राज्य सरकार और स्वास्थ्य विभाग सिर्फ कागजी कार्रवाई से बाहर निकलें और जमीन पर सख्त कदम उठाएं। नियमों का उल्लंघन करने वाले अस्पतालों पर तत्काल ताले लगें, दोषी डॉक्टरों और संचालकों पर कड़ी कार्रवाई हो और यह सुनिश्चित किया जाए कि किसी भी अस्पताल में इलाज का मतलब मुनाफा नहीं, बल्कि मरीज की जान हो। वरना यही सिलसिला चलता रहेगा—गरीब और मजबूर लोग मरते रहेंगे और अस्पतालों की तिजोरियां भरती रहेंगी।

# गणतंत्र दिवस पर इण्डियन हेल्पलाइन की बृज की रसोई ने रचा सेवा और संवेदना का अनुकरणीय उदाहरण

**इण्डियन हेल्पलाइन की पहल गणतंत्र दिवस पर आशियाना में जरूरतमंदों तक पहुँचा सम्मान सहित भोजन: कमलेश सिंह (पार्षद)**

**इण्डियन हेल्पलाइन की बृज की रसोई: गणतंत्र दिवस पर भूखे को अन्न, निराश का सहारा– विपिन शर्मा**

(जीएनएस)।

लखनऊ। 25 जनवरी 2026 राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर प्रेरणास्रोत बाबा नीम करौली जी की दिव्य कृपा से इण्डियन हेल्पलाइन सोसाइटी (पंजी.) द्वारा संचालित सेवा प्रकल्प बृज की रसोई के अंतर्गत आशियाना क्षेत्र में निःशुल्क पौष्टिक भोजन एवं मिष्ठान वितरण कार्यक्रम का सफल एवं गरिमामय आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम संविधान में निहित समानता, बंधुत्व और सामाजिक न्याय के मूल्यों को समर्पित रहा। संजय श्रीवास्तव ने जानकारी दी कि यह सेवा–संकल्प स्थानीय पार्षद कमलेश सिंह के प्रेरणादायी सान्निध्य एवं मार्गदर्शन में सांई मंदिर से प्रारंभ हुआ। कार्यक्रम के दौरान आलू, गोभी, मटर, टमाटर की सब्जी, चावल, मिष्ठान में बूंदी,







फ्रूटी तथा वस्त्रों का वितरण किया गया। सामाजिक सरोकारों के प्रति पार्षद की संवेदनशील सोच और सक्रिय सहयोग से कार्यक्रम को विशेष गरिमा प्राप्त हुई। इस अवसर पर संस्था के संस्थापक विपिन शर्मा ने कहा कि गणतंत्र दिवस हमें केवल अपने अधिकारों का स्मरण नहीं कराता, बल्कि समाज के प्रति हमारे कर्तव्यों की भी याद दिलाता है। उन्होंने कहा कि समाज की अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक सेवा पहुँचाना ही गणतंत्र दिवस के आदर्शों को सच्चे अर्थों में जीवन में उतारना है। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस सेवा आयोजन का उद्देश्य केवल भूख मिटाना नहीं, बल्कि जरूरतमंदों तक सम्मान, संवेदना और अपनत्व पहुँचाना है। सेवायोगियों के निरंतर सहयोग से बृज की रसोई के माध्यम से मानवता का यह सेवा कारवां प्रत्येक रविवार लगातार आगे बढ़ रहा है, जो गणतंत्र के प्रति सच्ची और जीवंत श्रद्धांजलि है। अनुराग दुबे ने बताया कि कार्यक्रम में निराश्रित, असहाय, जरूरतमंद बच्चों, बुजुर्गों एवं श्रमिक वर्ग को स्वच्छता एवं पोषण मानकों के अनुरूप भोजन उपलब्ध कराया गया विशाल सक्सेना ने कहा आयोजन का उद्देश्य भूखे को अन्न, प्यासे को पानी के मानवीय संकल्प को व्यवहारिक धरातल पर साकार करना है। मुकेश कनौजिया ने बताया आज का निःशुल्क भोजन वितरण सांई मंदिर, सेक्टर जे, आशियाना से प्रारंभ होकर सेक्टर एम रिक्शा कॉलोनी, रतन खंड पार्क, डॉ. भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय के पास स्थित झुग्गीझ झोपड़ियाँ, निमार्णाधीन भवनों में कार्यरत श्रमिकों के अस्थायी आवास, नगर निगम जोनझ8 की मलिन बस्तियाँ तथा रतन खंड पानी टंकी सहित अनेक क्षेत्रों में संपन्न हुआ। अखिलेश सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि कार्यक्रम में लगभग 1500 लोगों को संस्था के समर्पित पदाधिकारियों एवं स्वयंसेवकों कमलेश सिंह (पार्षद), संजय श्रीवास्तव, विशाल सक्सेना, मोहित सिंह, अनुराग दुबे, नवल सिंह, दिनेश पाण्डेय, मुकेश कनौजिया, अखिलेश सिंह, शालू सरदार, ध्रुव सक्सेना, गोविन्द सिंह ठाकुर सहित अनेक समाजसेवियों ने सक्रिय सहभागिता निभाते हुए सप्रेम भोजन परोसा गया।

# एम एस मेकओवर ब्यूटी पार्लर की सुप्रिया गुप्ता ने धूमधाम से मनाया 'सरस्वती पूजा'

लखनऊ। देवघर के स्थानीय जलसार रोड स्थित एम एस मेकओवर ब्युटी पार्लर की सुप्रिया गुप्ता द्वारा पूरे उत्साह, भक्ति, श्रध्दा, व हर्षोल्लास के साथ सरस्वती पूजा मनाया गया। पंडित द्वारा विधिवत पूजा व आरती की गई। प्रसाद व खीर का भोग लगाया गया। गाजे–बाजे के साथ भजन की गई। माँ शारदे को फूलों एवं लाईटों से



आकर्षक व भव्य रूप से सजाया गया। आगन्तुकों को प्रसाद वितरण किया गया। मौके पर भारतीय वैश्य महासभा के जिला अध्यक्ष प्रभाष गुप्ता ने सरस्वती पूजा की शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि माँ सरस्वती की कृपा से हम सबों का जीवन ज्ञान, सद् बुद्धि और सृजनात्मकता से परिपूर्ण हो।

# पीलीभीत: गणतंत्र दिवस से पहले भारत–नेपाल सीमा पर थाना हजारा पुलिस और ररइ की संयुक्त पेट्रोलिंग, सुरक्षा व्यवस्था मजबूत

(जीएनएस)।

पीलीभीत, श्रीमान पुलिस उपमहानिरीक्षक/पुलिस अधीक्षक महोदय पीलीभीत के सख्त निदेर्शों के अनुपालन में थाना हजारा पुलिस ने सीमा सुरक्षा बल (ररइ) के साथ मिलकर गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर भारत–नेपाल सीमा पर विशेष संयुक्त पेट्रोलिंग अभियान चलाया। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य सीमा क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को और सुदृढ़ करना तथा किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखना था।पेट्रोलिंग के दौरान सीमा पर आवागमन करने वाले सभी व्यक्तियों की कड़ी चेकिंग की गई। पुलिस और ररइ की संयुक्त टीम ने संदिग्ध व्यक्तियों, अवैध तस्करी तथा







आपराधिक तत्वों पर विशेष निगरानी रखी। किसी भी प्रकार के अवैध हथियार, नशीले पदार्थों या अन्य प्रतिबंधित वस्तुओं की तस्करी को रोकने के लिए गहन जांच की गई। टीम ने सीमा के संवेदनशील क्षेत्रों में गश्त बढ़ाई और स्थानीय लोगों से भी सुरक्षा संबंधी सूचनाएं एकत्र कीं।इस संयुक्त अभियान से न केवल सीमा सुरक्षा मजबूत हुई है, बल्कि गणतंत्र दिवस के अवसर पर शांति और सुरक्षा सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई गई। थाना हजारा प्रभारी ने बताया कि आगे भी ऐसी पेट्रोलिंग जारी रहेगी ताकि कोई भी असामाजिक तत्व सीमा क्षेत्र में सक्रिय न हो सके। स्थानीय निवासियों ने इस पहल की सराहना करते हुए पुलिस प्रशासन का धन्यवाद दिया है।इस प्रकार, पीलीभीत जिले की सीमा सुरक्षा को चाक–चौबंद करने के इस प्रयास से क्षेत्रवासियों में सुरक्षा का आत्मविश्वास बढ़ा है।

# जोगराजपुर में आरएसएस शताब्दी वर्ष पर विराट हिन्दू सम्मेलन, संतों ने दिया धर्म जागरण का संदेश

(जीएनएस)।

पीलीभीत,पूरनपुर,25 जनवरी।

थाना सहारामऊ उत्तरी क्षेत्र के जोगराजपुर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में विराट हिन्दू सम्मेलन आयोजित हुआ। बड़ी संख्या में श्रद्धालु, स्वयंसेवक और ग्रामीणजन शामिल हुए। कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में धर्म, संस्कृति और राष्ट्रभाव को मजबूत करना था।

मुख्य वक्ता धर्म जागरण प्रमुख मेरठ के विशाल जी ने कहा कि आरएसएस पिछले सौ वर्षों से राष्ट्र निर्माण, सामाजिक समरसता और सांस्कृतिक चेतना के लिए समर्पित है। उन्होंने युवाओं से राष्ट्र सेवा को जीवन का लक्ष्य बनाने का आ'ान किया। मुख्य अतिथि बाबा राघव दास





जी महाराज ने जोर दिया कि सनातन संस्कृति भारत की आत्मा है, जिसके संरक्षण के लिए समाज एकजुट हो।

विशिष्ट अतिथि बाला जी धाम खुटार के नन्दन महाराज ने हिन्दू समाज को संगठित रहने और परंपराओं पर गर्व करने का संदेश दिया। अध्यक्षता अनिल गाइन ने की, जिन्होंने संघ शताब्दी वर्ष को समाज को नई दिशा देने का अवसर बताया

जिला प्रचारक दुष्यन्त जी और जिला संघचालक शिवकुमार ने संघ की विचारधारा, कार्यपद्धति व योगदान पर प्रकाश डाला। तहसील प्रचारक देवेश, मंडल कार्यवाह गौरव, नवीन, दिव्यांशू, मनीष, विकास, कमल, मोनू, अचलेन्द्र मिश्रा सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सम्मेलन संगठनात्मक एकता, सामाजिक समरसता और राष्ट्र सेवा के संकल्प के साथ भारत माता के जयघोष पर संपन्न हुआ।

# कन्या फाउंडेशन बरखेड़ा एवं अल मदीना ऑय केयर सेंटर के द्वारा निशुल्क स्वास्थ शिविर का आयोजन

**बरखेड़ा कलां में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर:डॉक्टरों ने की जांच, दवाएं–टेस्ट मुफ्त**

बरखेड़ा। (जीएनएस)। कन्या फाउंडेशन बरखेड़ा एवं अल मदीना ऑय केयर सेंटर के द्वारा वार्ड संख्या 9 मोहल्ला रजा नगर बेंड वाली गली बरखेड़ा में रविवार को सुबह से लेकर दोपहर तक निशुल्क स्वास्थ शिविर का एक कैम्प का आयोजन किया





गया। इसमें बड़ी संख्या में नगर एवं क्षेत्र वाशी ने अपनी स्वास्थ्य जांच कराई और विशेषज्ञ डॉक्टरों से परामर्श लिया।इस शिविर में हेल्थ प्रोफाईल सी बी सी,लीवर फंक्शन टेस्ट,किडनी फंक्शन टेस्ट,लिपिड प्रोफाइल,थॉयराइड प्रोफाईल टी 3,टी4,टी एस एच, फीवर प्रोफाईल सी.बी.सी. मलेरिया,टॉयफाइड आदि जैसी जांचे की गई।

शिविर में अल मदीना आई केयर सेंटर के नेत्र परिक्षक डॉ. जुलफि कार हैदर ने मरीजों की जांच की। उन्होंने ग्रामीणों को छोटी बीमारियों को नजरअंदाज न करने की सलाह दी और बताया कि समय पर इलाज से गंभीर रोगों से बचा जा सकता है। जांच के उपरांत मरीजों को आवश्यक दवाएं भी निःशुल्क प्रदान की गईं।इंडियन पैथोलॉजी की टीम ने शिविर में आए लोगों की ब्लड शुगर, ब्लड प्रेशर, हीमोग्लोबिन और ब्लड ग्रुप जैसी कई जांचें कीं। पैथोलॉजी ने अन्य रक्त जांचों पर भी विशेष छूट प्रदान की।आयोजकों के अनुसार, शिविर में महिलाओं और पुरुषों से संबंधित सभी प्रकार की बीमारियों की निःशुल्क जांच और परामर्श उपलब्ध था। आंखों की जांच और चश्मा टेस्ट भी मुफ्त किया गया। नया चश्मा बनवाने पर कई प्रतिशत की छूट दी गई, जबकि मोतियाबिंद के मरीजों के लिए निःशुल्क ऑपरेशन की व्यवस्था की गई थी।डॉ. हसन अंसारी ने शिविर में आंखों की जांच की। इस पहल को लेकर ग्रामीणों में काफी उत्साह देखा गया और उन्होंने आयोजकों की सराहना की।डॉ मेराजुन निशा ने बताया कि ऐसे शिविरों का मुख्य उद्देश्य नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना और जरूरतमंद लोगों तक बेहतर चिकित्सा सुविधाएं पहुंचाना है।इस मौके पर डॉ. जुलफि कार हैदर,डॉ मेराजुन निशा,डॉ. हसन अंसारी, मोहम्मद करीम,सभासद नफीस अंसारी,समाजसेवी सेठ मोहम्मद अनस,मुन्ने बख्श एवं आदि लोग मौजूद रहे।।

# आज 10 बजे से 2 बजे तक ग्राम सभा बबुरा में,इंदु सेवा फाउंडेशन प्रयागराज, तत्वावधान में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन







(जीएनएस)।

लखनऊ/प्रयागराज

करछना तहसील क्षेत्र मे आज दिनांक 25/01/2026 समय 10 बजे से 2 बजे तक ग्राम सभा बबुरा में,इंदु सेवा फाउंडेशन प्रयागराज, तत्वावधान में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। आँख के विशेषज्ञ डॉक्टर द्वारा बच्चे, नवजावान , महिलाये और बुढ़ो के आँख कि जांच हुआ ,उनको दवा व अच्छी सुझाव दिया गया।

और स्वास्थ्य संबधित जांच किया गया । उनको सुझाव दिया गया कि नियमित रूप से स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहना चाहिए।

ग्राम सभा बबुरा के लगभग हजारों कि सख्या मे लोग आँखो कि जांच व स्वास्थ्य संबधित सलाह डाक्टर द्वारा बताया गया।

संस्था के आयोजक प्रदीप यादव (पिंटू) , और डॉ सूर्या यादव के सहयोग से यह कार्यक्रम सकुशल सम्पन्न हुआ। इस शिविर से हजारों लोग लाभान्वित हुए। नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ अनिशा मिश्रा, एच एन हॉस्पिटल के डॉ राजू यादव, डॉ राजीव यादव, डॉ विजय यादव (मनराजी हॉस्पिटल वेदौ मिजार्पुर रोड) डॉ अशोक भारती, डॉ उमेश यादव, पूर्व प्रधान राजेश्वर यादव,अखंड प्रताप, वीरेंद्र मिश्रा, राकेश यादव,पंकज यादव,अरुण यादव ,रामवृक्ष, नंदा यादव, राजेश, रामसखा, पवन यादव सभी लोग उपस्थित रहे ।

इंदु सेवा फाउंडेशन प्रयागराज, तत्वावधान में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन इसे आगे बढ़ाने के लिये प्रयागराज क्षेत्र मे ये निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन चलता रहेगा ।

ये जानकारी इंदु सेवा फाउंडेशन प्रयागराज के आयोजक द्वारा दिया गया।

## लोधेश्वर महादेव में जलाभिषेक करने वाले श्रद्धालुओं का मसौली चौराहे पर स्वागत

(जीएनएस)।

मसौली बाराबंकी। साइकिल से कानपुर स्थित बिठूर से जल लेकर महादेवा के लोधेश्वर महादेव में जलाभिषेक करने वाले श्रद्धालुओं का मसौली चौराहे पर स्वागत किया।ज्योरी निवासी पवन वर्मा, अन्नु यादव, सुनील कुमार रावत, राम समुझ होजपुर, प्रवेश यादव, संतोष कुड़वा, अनुज कुमार बड़ागांव, विद्या प्रसाद मसौली कटरा, का स्वागत शानू यादव, मोहित हिंदू ललित सोनी,



अर्जुन वर्मा, रिंकू नाग, जितेन्द्र कुमार वर्मा, लवकुश कुमार वर्मा , गुड्डू वर्मा आदि लोगो के द्वारा श्रद्धालुओं का माला पहनाकर स्वागत किया गया लगते रहे हर हर महादेव के जयकारे।